देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 268 । भोपाल, बुधवार 27 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

आखिरकार कानून के शिकंजे में आया दबंग कॉलोनाईजर पृष्ठ 2

- मोदी का विरोधियों को 'अर्बन नक्सल' कहना अशोभनीय
- लोकसभा चुनाव फरवरी 2024 से पहले करा सकते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पृष्ठ 4

- लापता मानसिक रोगी बेटी को मां से मिलवाया पृष्ठ 6

नए सदस्य वरिष्ठों से सीखकर क्षेत्र में ज्यादा विकास कर सकते हैं पृष्ठ 8

सार-समाचार

एशियाई खेल : भारत ने घुड़सवारी में जीता सोना

हांगझोउ, एजेंसी। भारत की सुदीप्ति हजेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की घुड़सवारी टीम ने मंगलवार को शानदान प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में घुड़सवारी टीम ने देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। भारत की ओर से सुदीप्ति हजेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की टीम ने शानदान प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। घुड़सवारी टीम को 41 साल बाद इस खेल में स्वर्ण पदक मिला है। इससे पहले 1982 एशियन खेल में पहली बार घुड़सवारी में भारत को मेडल मिला था।

घुड़सवारी में 41 साल बाद मिला स्वर्ण

शाजापुर में सभा को करेंगें राहुल गांधी

भोपाल, देशबन्धु। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी आगामी 30 तारीख को मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में एक आमसभा को संबोधित करेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष (संगठन) राजीव सिंह ने बताया कि गांधी का विधानसभा चुनाव से पूर्व मध्यप्रदेश का यह पहला बड़ा दौरा कार्यक्रम है। सिंह ने बताया कि गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मध्य प्रदेश में जनता का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व स्नेह मिला था। उनका शाजापुर दौरा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए निर्णायक साबित होगा।

भाजपा ने अमरवाड़ा से मोनिका बट्टी को उतारा

भोपाल, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश विधानसभा की अमरवाड़ा (सु.) सीट से सुश्री मोनिका बट्टी को टिकट दिया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने मंगलवार को यहां बताया कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा सीट से सुश्री बट्टी को उम्मीदवार बनाया है। मोनिका अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहीं हैं। उन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों भाजपा की सदस्यता ली थी। उनके पिता मनमोहन शाह भट्टी विधायक रहे हैं। यह सीट अभी कांग्रेस के कमल प्रताप शाह के पास है। भाजपा ने पहली और दूसरी सूची में 39 – 39 उम्मीदवारों की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे को मिला सेवा विस्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे को सेवा विस्तार मिल गया है। उनके इस सेवा विस्तार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दी है। वे अब इस पद पर सेवा की नियमित शर्तों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मौजूदा कार्यकाल तक अपने पद पर बने रहेंगे। 1985 बैच के बिहार कैडर से आने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकरी खरे का कार्यकाल अक्टूबर 2023 में खत्म हो रहा था।

शाहनवाज को आया हार्ट अटैक, अस्पताल में भर्ती

मुंबई, एजेंसी। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन को मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें शाम साढ़े 4 बजे के करीब हॉस्पिटल लाया गया। उनकी एंजियोप्लास्टी की गई है। हुसैन अभी आईसीयू में भर्ती है। हुसैन को इससे पहले अगस्त में स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने के बाद दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी थी। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन का जन्म 12 दिसंबर 1968 को बिहार के सुपौल में हुआ था। वो नीतीश कुमार और एनडीए सरकार में केंद्र में मंत्री रहे हैं।

मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट फिर बंद

सुरक्षाबलों से झड़प में 54 छात्र घायल

2 छात्रों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर के इंफाल शहर में मंगलवार 26 सितंबर को सुरक्षाबलों और स्टूडेंट्स के बीच झड़प हो गई। इसमें 1 टीचर सहित 54 छात्र घायल हो गए। छात्र जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे।

सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य सरकार ने एक बार फिर मोबाइल इंटरनेट को अगले 5 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया है। राज्य में 23 सितंबर को मोबाइल इंटरनेट से बैन हटने के बाद दो छात्रों के शवों की फोटो सामने आई थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। फोटो में दोनों की बॉडी जमीन पर पड़ी हुई नजर आ रही है। साथ ही लड़के का सिर कटा हुआ है। हालांकि दोनों के शव अभी तक नहीं मिले हैं। जुलाई में दोनों छात्र एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए थे, लेकिन उसके बाद से उनका पता नहीं चल सका है। वहीं, राज्य सरकार ने सभी सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों को 27 सितंबर और 29 सितंबर को बंद रखने का आदेश जारी किया है।

मामले की जांच सीबीआई कर रही

मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों के अनुसार सरकार ने कहा है कि जो भी दोषी हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सुरक्षा बलों ने अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान भी शुरू कर दिया है। लोगों से अपील की गई है कि मामले में संयम बरतें और जांच एजेंसियों को अपना काम करने दें।

केंद्र को अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए : प्रियंका

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा- मणिपुर में बच्चे जातीय हिंसा के सबसे कमजोर शिकार हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी रक्षा के लिए हर संभव कोशिश करें। मणिपुर में हो रहे अपराध शब्दों से परे हैं, फिर भी राज्य में अपराधों को बिना किसी रोक-टोक के जारी रहने दिया जा रहा है। केंद्र को अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए।

भारत का सर्वोच्च फिल्म सम्मान

वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी। अपने अभिनय से हिंदी सिनेमा में अमिट छाप छोड़ने वाली वहीदा रहमान को सिनेमा के बड़े पुरस्कार दादा साहब फाल्के के लिए चुना गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वहीदा रहमान को इस साल 'दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट' से नवाजा जाएगा। वहीदा रहमान हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने ब्लैक एंड व्हाइट से लेकर कलर फिल्मों में अपनी एक्टिंग का दम दिखाया है।

वहीदा रहमान ने अपने अभिनय से लंबे समय तक सिनेमा पर राज किया है। उन्होंने पर्दे पर देव आनंद, राज कपूर, राजकुमार, मनोज कुमार और सुनील दत्त सहित हिंदी सिनेमा के कई बड़े कलाकारों के साथ काम किया था. वहीदा रहमान का जन्म 3 फरवरी 1938 को चेन्नई में हुआ और उन्होंने 1955 में तेलुगू इंडस्ट्री में कदम रखा. इसके बाद उन्हें हिंदी सिनेमा में पहला ब्रेक 1956 में सीआईडी फिल्म से मिला। हालांकि, इस फिल्म में वहीदा रहमान ने नेगेटिव किरदार निभाया, लेकिन उनके रोल को बहुत पसंद किया गया. इस दौरान वहीदा और गुरु दत्त की जोड़ी भी फैंस को बहुत पसंद आती थी. उन्होंने उनके साथ प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चांद, साहिब बीवी और गुलाम जैसी फिल्मों में काम किया। वहीदा रहमान ने 1965 में फिल्म गाइड के लिए फिल्म फेयर अवार्ड हासिल किया। वहीदा रहमान की निजी जीवन की बात की जाए तो उन्होंने 1974 में एक्टर शशि रेखी के साथ शादी कर ली. लेकिन 2000 में उनके पति की मौत हो गई। इसके बाद वहीदा रहमान ने एक बार फिर काम करना शुरू किया और दिल्ली 6, रंग दे बसंती और वॉटर जैसी फिल्मों में काम किया। आखिरी बार वहीदा रहमान ने साल 2021 में आई मराठी फिल्म स्केटर गर्ल में काम किया था।

कुंड में डूबे 10 बच्चे, 4 की मौत

दतिया, एजेंसी। दतिया में गणपति प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहां 10 बच्चे कुंड में डूब गए। इसमें तीन लड़कियों समेत 4 की मौत हो गई। यह घटना शाम करीब 6.30 बजे की है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के निआऊल बड़ेनिया में सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में कुंड बनाया गया था। इसमें बच्चे प्रतिमा विसर्जित करने पहुंचे थे। इस दौरान अंश पाल पिता ब्रजमोहन पाल (14), प्रतिज्ञा पाल पिता झाहर सिंह (15), कृष्णा पाल पिता रामहजुर पाल (16) और आस्था पिता श्रीराम पाल (15) की डूबने से मौत हो गई। वहीं दो बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। एक बच्चा जिला अस्पताल में भर्ती है। बाकी बच्चे सुरक्षित है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि निआऊल गांव में कुछ बच्चे गणपति प्रतिमा विसर्जन के लिए गए थे। संभवतः एक बच्चा उसी दौरान पैर फिसलने से डूब गया। उसे बचाने के लिए बाकी बच्चे भी उसमें गए थे। 4 बच्चों की मौत हुई है, जिसमें 3 बच्चियां शामिल हैं। एहतियात के तौर पर एसडीओपी और होमगार्ड की एक टीम हमने घटनास्थल पर भेजी। टीम सर्चिंग की और देखा कि कोई और बच्चा उसमें फंसा ना हो।

प्रत्यक्षदर्शी प्रेम कुशवाहा ने बताया कि मैं मंदिर में दर्शन करने गया था उस समय बच्चे कुंड में गणेश प्रतिमा सिराने जा रहे थे। जब दर्शन करने के बाद में मंदिर में बैठा था तो एक बच्चा दौड़ कर आया और बोला कि चाचा 8-10 बच्चे डूब गए हैं। मैं पहुंचा तो देखा कि एक-दो बच्चे मिलकर कुंड में से बच्चे निकाल रहे थे। उस समय कोई भी ऊपर नहीं था। मैं कूद गया और डूबे हुए बच्चों को बाहर निकाला। कम से कम 10 बच्चे थे। सभी बच्चे 15 साल के होंगे।

ग्रामीणों के मुताबिक बच्चे हर साल इसी कुंड में गणेश विसर्जन के लिए ले जाते थे। जिसकी गहराई पहले करीब 5-6 फीट थी लेकिन बीते दिनों उसकी गहराई बढ़ा दी गई थी। इस बात की जानकारी बच्चों को नहीं थी। जिला अस्पताल पहुंचे दतिया कलेक्टर संदीप माकिन ने मृत बच्चों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि देने के लिए दतिया तहसीलदार और एडीएम रुपेश उपाध्याय को निर्देश दिया।

मंत्रिपरिषद ने कई प्रस्तावों को दी मंजूरी

पुलिस अधिकारियों को मिलेगा नया वेतनमान, अतिथि विद्वानों और कोटवारों का मानदेय बढ़ाया

भोपाल, देशबन्धु। राज्य सरकार ने पुलिस अधिकारियों के लिए 5वां समयमान वेतनमान स्वीकृत कर दिया है। वहीं कोटवार और अतिथि विद्वानों के मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में संबल योजना में पंजीकृत श्रमिक और उसके परिवार के सदस्य को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने पर 25 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हाल ही में बिना सेवा भूमि वाले कोटवारों का मानदेय चार से बढाकर आठ हजार रुपये करने की घोषणा की थी। इसी तरह अतिथि विद्वानों का मानदेय 50 हजार रुपये का निर्णय लिया था। राज्य प्रशासनिक सेवा, राज्य वित्त सेवा के तरह ही पुलिस अधिकारियों को पांचवां समयमान वेतनमान देने की घोषणा की गई थी। इन सभी प्रस्तावों को आज मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल गई है। वहीं, विशेष केन्द्रीय सहायता (शहरी सुधार कार्यक्रम) से प्रदेश में मास्टर प्लान की सड़कों के लिए योजना को तीन वर्षों के लिए स्वीकृति भी दी गई। इसमें वर्ष 2023-24 में सड़कों पर एक हजार 200 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

नई तहसीलों के गठन को मिली मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने जबलपुर जिले में पौडा और कटंगी तहसील बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके लिए 34 पद स्वीकृत किए गए। जबकि, मऊगंज जिले में देवतलाब और ग्वालियर जिले में पिछोर तहसील बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। मुरैना जिले में नया अनुविभाग पोरसा के गठन के साथ 12 पद स्वीकृत किए गए।

महिला फुटबाल के लिए 97 करोड़

मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में महिला फुटबाल के प्रोत्साहन के लिए 97 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें फुटबाल प्रशिक्षक एवं प्रबंधन की व्यवस्था राष्ट्रीय फुटबाल महासंघ से करने तथा अन्य सहायक अमले आदि की व्यवस्था आउटसोर्स के आधार पर किए जाने की स्वीकृति भी दी गई।

अब 20 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगी सम्मान निधि

मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग पत्रकारों को प्रतिमाह 10 हजार के स्थान पर 20 हजार रुपये प्रतिमाह सम्मान निधि देने की घोषणा पर स्वीकृति दी। साथ ही अब सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी/पति को एकमुश्त आठ लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। पत्रकारों को स्वयं अथवा आश्रितों के उपचार के लिए सामान्य बीमारियों की स्थिति में 20 हजार के स्थान पर 40 हजार और गंभीर बीमारियों के लिए 50 हजार के स्थान पर एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। इसमें आयकर संबंधी शर्त भी नहीं होगी। इसी तरह अधिमान्य पत्रकारों को 25 के स्थान पर 30 लाख रुपये तक के आवास आवास ऋण पर पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान पांच वर्ष के लिए दिया जाएगा।

इंफोसिस से 50 एकड़ भूमि वापस लेगी सरकार

इंफोसिस को इंदौर में आवंटित भूमि में से 50 एकड़ भूमि वापस लेने का निर्णय लिया गया है। आपसी सहमति के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। इस भूमि का उपयोग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी अन्य कंपनियों को देने के लिए होगा।

धार के भैंसोला में बनेगा टेक्सटाइल पार्क

राज्य मंत्रिपरिषद ने धार जिले के भैंसोला में एक हजार 563 एकड़ भूमि पर टेक्सटाइल पार्क बनाया जाएगा। प्रस्तावित पार्क में सड़क, बिजली एवं पानी की सुविधा प्रदान करने में 163 करोड़ रुपये व्यय होंगे। पीएम मित्र पार्क में स्थापित होने वाली इकाइयों को प्रचलित औद्योगिक संवर्धन नीति अनुसार सुविधाएं एवं सहायता दी जाएगी।

9वां रोजगार मेला : प्रधानमंत्री ने 51 हजार नियुक्ति पत्र बांटे, बोले-

तकनीक से भ्रष्टाचार घटा, सुविधा बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 9वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। ये युवा पिछले कुछ दिनों में केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में भर्ती हुए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ साल में इनोवेटिव तरीके से बड़े बदलाव हुए हैं। तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से भ्रष्टाचार घटा है और सुविधाएं बढ़ी हैं। ये रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से उन्होंने 45 जगहों पर मौजूद युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जॉइनिंग लेटर सौंपा।

नई संसद में देश का नया भविष्य शुरू हुआ

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की बेटियां अंतरिक्ष से खेलों तक अनेक कीर्तिमान बना रही हैं। कुछ दिन पहले ही देश की आधी से ज्यादा आबादी को नारी शक्ति वंदन एक्ट के जरिए बड़ी ताकत मिली है। 30 साल से पेंडिंग इस बिल को नई संसद के पहले सत्र में ही दोनों सदनों से पारित कराया गया। एक तरीके से नई संसद में देश का नया भविष्य शुरू हुआ है।

दिल्ली में सनसनीखेज वारदात

ज्वेलरी शोरूम से 25 करोड़ की चोरी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के जंगपुरा स्थित एक ज्वेलरी शोरूम पर धावा बोलते हुए करोड़ों के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। शोरूम में चोरी की जानकारी मिलते ही निजामुद्दीन थाने पुलिस ने मौके पर शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि भोगल इलाके में जिस आभूषण की दुकान में चोरी हुई मेंटीम को शक है कि चोरी रविवार रात को हुई है। चोर शोरूम की दीवार काटकर अंदर घुसे थे, जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे करोड़ों को गहने चुरा लिए। डीसीपी साउथ-ईस्ट राजेश देव ने कहा कि उन्होंने सीसीटीवी फुटेज हासिल कर लिया है। उसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है। ये चोरी के एक बड़ी घटना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अपराधियों को दुकान और आभूषणों के बारे में पहले से जानकारी थी और उन्हें पता था कि स्ट्रांग रूम तक कैसे पहुंचना है। उन्होंने बताया कि चोरों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बारे में भी जानकारी थी। जिस तरह से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधी पहले से ही अपनी योजना बनाने के लिए वहां आये थे।

दुकान में थे 20-25 करोड़ के आभूषण : मालिक

ज्वेलरी शोरूम के मालिक संजीव जैन ने बात करते हुए बताया, 'हमने रविवार को दुकान बंद कर दी थी और सोमवार की छुट्टी के बाद जब हमने इसे मंगलवार को खोला तो हमने देखा कि पूरी दुकान में धूल भरी हुई थी और स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार में एक छेद था... हमें लगता है कि चोरों ने सब कुछ लूट लिया है। करीब 20-25 करोड़ रुपए की ज्वेलरी थी। चोर दुकान के अंदर छत के रास्ते से दाखिल हुए थे। सीसीटीवी समेत सबकुछ टूटा हुआ है।'

इस दौरान हमें आभास हो गया कि दुकान में चोरी हुई है। दुकान में देखा तो सब कुछ लूट लिया गया था। वो छत से दुकान में घुसे थे। लगभग 20-25 करोड़ रुपए के आभूषण चोरी किए गए हैं। चोरों ने सीसीटीवी भी चोरी किया है। पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर पुलिस पहुंच गई। मामले में जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने इसे चोरी की एक बड़ी घटना बताया है।

कांग्रेस का प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला

प्रधानमंत्री को बताया झूठा

नई दिल्ली, देशबन्धु। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी और भाजपा ने जुबानी जंग तेज होती जा रही है। प्रधानमंत्री ने कल मध्यप्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला किया था तो कांग्रेस पार्टी ने पलटवार करते हुए उन्हें सर्टिफाइड झूठा करार दे दिया। उन्होंने कहाकि कल प्रधानमंत्री ने भोपाल के चुनावी रैली के दौरान अपने 51 मिनट के भाषण में 44 बार कांग्रेस का नाम लिया। जिस राज्य में उनकी 19 साल से सरकार है,वहां भी उन्हें चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस का ही सहारा लेना पड़ रहा है।

इसे कहते हैं, नींद हमारी,ख्वाब तुम्हारे। खेडा ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री थोडा भी थोडा भी सच बोलना शुरू कर दें तो वे कांग्रेस के सबसे बड़े स्टार प्रचारक साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहाकि यूपीए सरकार के समय जब महिला आरक्षण विधेयक आया था तो उसके विरोध में अटलबिहारी वाजेपेयी से लेकर लालकृष्ण आडवाणी और जशवंत सिंह तक शामिल थे। 10 साल तक मोदी सरकार को महिला आरक्षण विधेयक का खयाल तक नहीं आया और धृष्टता देखिए कि अब कहते हैं कि कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई सर्टिफाइड लायर है तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। आज तक ऐसी छवि किसी भी प्रधानमंत्री की नहीं थी

संसद में अभिनेत्रियां आईं थीं, राष्ट्रपति नहीं

उन्होंने कई अन्य मुद्दों को लेकर भी भाजपा सरकार को घेरते हुए कहाकि संसद में अभिनेत्रियां तो आती हैं,लेकिन राष्ट्रपति नहीं। क्योकि वे आदिवासी महिला हैं। तभी राहुल गांधी कहते हैं कि आप जातिवादी हैं। आप दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं के खिलाफ हैं। आप बृजभूषण सिंह को निकाल नहीं पाए और बात महिला अधिकारों की करते हैं।'

भाजपा में टिकट वितरण को लेकर सामने आया संतोष

नागदा में मेहता ने की निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा, 17 पार्षदों के इस्तीफे

भोपाल, देशबन्धु। भाजपा में टिकट वितरण को लेकर असंतोष तेज होता दिख रहा है। उज्जैन की नागदा खाकरौद में तेजबहादुर को टिकट मिलने के बाद पिछड़ा वर्ग मोर्चा के लोकेन्द्र मेहता बागी हो गए हैं। उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। वहीं नागदा के 17 पार्षदों ने भी अपने इस्तीफे पार्टी जिला अध्यक्ष को सौंप दिए हैं।

भाजपा ने कल 39 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी है। इतने ही उम्मीदवार वह पहले घोषित कर चुकी है। आज एक अन्य उम्मीदवार की घोषणा के बाद पार्टी 79 उम्मीदवार के नामों का ऐलान कर चुकी है, लेकिन प्रत्याशियों को लेकर कई जगह असंतोष खुलकर सामने आ रहा है। नागदा नगर पालिका में भाजपा के 36 में से 22 पार्षद भाजपा के हैं। इनमें से 17 ने देर रात तेजबहादुर सिंह को टिकट देने के विरोध में अपने सामूहिक त्याग पत्र जिला अध्यक्ष को भेज दिए। दूसरी ओर सीधी में भी टिकट को लेकर असंतोष सामने आया है। पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. राजेश मिश्र ने कल ही अपना इस्तीफा दे दिया था। उल्लेखनीय है कि अन्य जगहों पर भी घोषित उम्मीदवारों के खिलाफ भाजपा में विरोध के स्वर सामने आए हैं। हालांकि भाजपा ने अब तक सभी प्रत्याशियों की घोषणा नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि टिकट न मिलने से नाराज कई नेता पार्टी छोड़ सकते हैं। हाल ही में कुछ नेताओं ने इस्तीफे देकर कांग्रेस का दामन भी थामा है। कल घोषित सूची में भाजपा ने मैहर से विधायक नारायण त्रिपाठी, सीधी विधायक केदार शुक्ला और नरसिंहपुर से मौजूदा विधायक जालम सिंह पटेल को टिकट नहीं दिया है। जालम सिंह की जगह उनके भाई केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल को मैदान में उतारा गया है।

सार समाचार

भंडारे में पहुंचकर शराब के लिए मांगें पैसे, नहीं दिए तो कर दी मारपीट

गुना देशबन्धु। जिले के कुंभराज थानांतर्गत ठाकुर बाबा के देव स्थल पर चल रहे भंडारे में दो युवकों ने पहुंचकर कर जमकर उत्पाद मचाया। इस दौरान उन्होंने समिति सदस्यों ने शराब के लिए पैसे मांगें, नहीं देने पर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी गौरव पुत्र देवकीनंदन तिवारी निवासी मातामढी मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 14 ने उपस्थित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि ठाकुर बाबा के स्थान पर हम सभी हीरामन समिति की तरफ से भंडारा करा रहे थे। इसमें सभी लोगों की भोजन प्रसादी थी। रात करीब 9.30 बजे गोलू उर्फ अविनाश खटीक तथा ध्रुव खटीक पहुँचे तो उन्होंने उनसे कहा कि बैठ जाओ खाना खालो। जिस पर दोनों फरियादी से कहते हैं कि खाना बाद में खाएंगे पहले हमें शराब पीने के लिये पैसा दो। जिस पर फरियादी ने कहा कि यहाँ देव स्थान है यहाँ शराब नहीं पीते है। इसी बात पर दोनों ने गाली गलौंच कर उसके साथ लात घूसों से मारपीट कर दी। यहीं नहीं फरियादी के भाई के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

तीन दिवसीय कैंप मे 45 मोतियाबिंद मरीजों के हुए निःशुल्क ऑपरेशन

गुना देशबन्धु। लायंस नेत्र चिकित्सालय द्वारा स्व॰ अर्जित तिवारी के जन्मदिवस पर शिवपुरी एवं नोहरी खुर्द में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन किए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लायंस नेत्र चिकित्सालय के चेयरमैन आलोक अग्रवाल, विनय शास्त्री, पंकज जैन एवं अस्पताल स्टाफ द्वारा स्व॰ श्री को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तीन दिवसीय नेत्र परीक्षण में 108 मरीजों का परीक्षण कर 36 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनके ऑपरेशन निःशुल्क किए गए।

मंदिर से आ रहे मां-बेटे को बोलेरो चालक ने मारी टक्कर

गुना देशबन्धु। सिटी कोतवाली थानांतर्गत जगत होटल के सामने स्कूटी सवार मां-बेटे को एक तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सौरभ जैन पुत्र धनकुमार जैन निवासी मटकरी कालोनी ने बताया कि गत सुबह करीबन 10 बजे उनकी पत्नी रश्मि जैन, लडका महिम जैन के साथ अपनी स्कूटी से कुशमोदा जैन मंदिर से अपने घर आ रहे थे। तभी जगत लॉज के सामने एक पिकअप बोलेरो यूपी 92टी5781 के चालक ने अपनी पिकअप को तेजी व लापरवाही से चलाकर स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें रश्मि को चोटें आई हैं। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बोलेरो चालक पर मामला दर्ज किया है।

पीलाघाटा हाउस में कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लादा, जनआशीर्वाद लेने राघौगढ़ पहुंचे भाजपा प्रत्याशी

राघौगढ़ से भाजपा प्रत्याशी बने हीरेन्द्र सिंह बना, बधाईयों का तांता

गुना देशबन्धु। मप्र में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की केंद्रीय एवं प्रदेश चुनाव समिति द्वारा सोमवार की देर रात्रि को दूसरी सूची जारी कर दी। जिसमें जिले की राघौगढ़ सीट से भाजपा उपाध्यक्ष हीरेन्द्र सिंह बंटी बना सहित 39 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम जारी किए हैं।श्री बना के राघौगढ़ भाजपा प्रत्याशी घोषित होते ही उनको बधाई देने का तांता लग गया।

मंगलवार सुबह से ही श्री बना के निवास बीजी रोड स्थित पीलाघाटा हाउस पर जिलेभर के भाजपा कार्यकर्ता एवं उनके समर्थकों का जमावड़ा शुरू हो गया। जिसमें मुख्यत॰ राघौगढ़, आरोन, जामनेर, रुठियाई सहित अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समर्थकों ने पीलीघटा हाउस पहुंचकर श्री बना का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इधर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार सहित अन्य वरिष्ठ भाजपाजनों ने भी उन्हें बधाई दी। निजनिवास पर स्वागत उपरांत हीरेन्द्र सिंह अपने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनता का आशीर्वाद लेने रवाना हुए। यहां ग्राम पंचायत दौराना पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने फूलमालाओं एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। वहीं ग्राम मुंहासा में भी श्री बना का भव्य स्वागत हुआ। यहां बड़ी संख्या में युवाओं के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर श्री बना ने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा की पट्टी पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। तत्पश्चात ग्राम पाटई में हनुमान जी के दर्शन कर दौराना में गणपति जी की झांकी में आरती की। उल्लेखनीय है कि हीरेन्द्र सिंह बंटी बना पूर्व विधायक स्व. दादाभाई मूलसिंह के बेटे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खास स्व. दादाभाई ने दो बार 1985 और 2008 में राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। लेकिन करीब पौने तीन साल पूर्व कांग्रेस में उपेक्षा से नाराज होकर भाजपा का दामन थामा। इस दौरान श्री ड्क्षसह केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खासमखास रहे। वहीं पार्टी ने भी उन्हें जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी।

नपाध्यक्ष एवं सीएमओ ने ली मेट-दरोगाओं के साथ बैठक

गुना देशबन्धु। सफाईकर्मियों द्वारा कथित हड़ताल के बीच नपाध्यक्ष एवं सीएमओ ने सभी मेंट-दरोगाओं के साथ बैठक की। प्राप्त जानकारी के अनुसार नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, स्वास्थ्य समिति चेयरमैन दिनेश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता एवं प्रभारी सीएमओ बीबी गुप्ता की उपस्थिति में शहर के सभी मेंट, दरोंगा की बैठक हुई।

जिसमें श्रमजीवी सफाई संगठन के अध्यक्ष देव कुमार झावा एवं अभा कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष विशाल मालवीय द्वारा आज सफाई कर्मचारियों द्वारा की गई हड़ताल का विरोध जताया एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था के लिए सभी कर्मचारियों को सुबह कम पर आने के निर्देश दिए हैं। सभी मैट, दरोगाओं द्वारा बताया गया कि हम सभी कर्मचारियों की मांगे नगर पालिका स्तर पर नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा पूरी की जा रही है, जो भी सफाई कर्मचारियों की मांगे हैं। वह शासन स्तर पर लम्बित हैं, इसलिए किसी प्रकार की हड़ताल करना एवं शहर की सफाई व्यवस्था बिगडना उचित नहीं है। सभी दरोगाओ ने आज रात्री कालीन सफाई व्यवस्था कराने का आव्हान किया है।

आखिरकार कानून के शिकंजे में आया दबंग कॉलोनाईजर

गुना देशबन्धु। अपनी दबंगाई और जमीनों के कारनामों के लिए अक्सर सुर्खियों में रहने वाले कॉलोनाईजर अखिलेश जैन पर कानून का शिकंजा कस चुका है। सिटी कोतवाली में छेड़छाड़, घर में घुसकर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज होने के बाद अब उनकी पुरानी फाईलें और शिकायतें भी सामने आने लगी है। इधर सूत्रों की माने तो पुलिस उनकी गिरफ्तारी करने में लगी है।

▶ मामला

दरअसल मामले के अनुसार विगत दिवस अक्सर विवादों में रहने वाले कॉलोनाईजर अखिलेश जैन सहित उनके साथियों द्वारा सांई टाउनशिप बजरंगगढ़ बायपास रोड स्थित एक जमीन पर जबरन कब्जा करने की नियत से कुछ परिवारों पर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी अखिलेश जैन, शम्मा खान, हरनाम कुशवाह, कन्हैया अहिरवार सहित एक दर्जन लोगों ने घरों में जमकर लाठी-डंडों से पुरूषों के साथ-साथ महिलाओं के साथ भी जमकर मारपीट की। वहीं घर में गृहस्थी का सामान तोड़ दिया। यहीं नहीं महिलाओं के साथ भी सरेआम छेड़छाड़ की गई। महिलाओं के हाथ पकडक़र उनके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इस मामले में पुलिस ने फरियादी पक्ष की शिकायत पर आरोपी अखिलेश सहित उनके साथियों पर धारा 354, 506, 294, 147, 148, 452 के तहत मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार मामले में हरिजन एक्ट की धाराएं भी बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा कोतवाली, कैंट सहित अन्य थानों में राजनीतिक रसूख के चलते दबी पड़ी पुरानी शिकायतों को भी खंगालकर कार्रवाई करने की तैयारी है।

रैली निकालकर किया मतदान के लिए प्रेरित

गुना देशबन्धु। स्वीप गतिविधि के तहत श्रीराम कॉलोनी गुना मतदान क्रमांक 109 पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान लोकतंत्र की यही पहचान, मत, मतदाता और मतदान हर घर में संदेश दो, भाई, बहन सब वोट दो के नारे लगाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। स्वीप के गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव ने सबको समझाया कि आने वाले चुनावों में आप सभी को मतदान करने जाना है। आपके परिवार व आपसे संबंधित व्यक्तियों को प्रेरित करें कि, सभी व्यक्ति मतदान करे।

मीलादुन्नबी पर बोहरा समाज का सादगी भरा चल समारोह

गुना देशबन्धु। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहिवसल्लम के जन्मदिन के मौके पर शहर में बोहरा समाज द्वारा हर्षोल्लास एवं सादगी के साथ जश्न ईद मिलादुन्नबी मनाया गया । इस मौके पर शहर के प्रमुख मार्गों से चल समारोह निकाला गया। इस अवसर पर समाजजन सादगी भरे सफेद कौमी लिबास में निकले। जुलूस के आरंभ में सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा का बैनर लिये नौनिहाल चल रहे थे। कुछ लोग नात पढ़ते हुए चले तो कुछ लोग सादगी से अपने नबी की शान में नात बजाते चले। चल समारोह सुबह 10 बजे स्थानीय बोहरा मस्जिद से शुरू होकर विजयवर्गीय मार्ग, नई सडक़, अनुराधा गली, सदर बाजार, सुगन चौराहा, लक्ष्मीगंज, मानस भवन, शास्त्री पार्क सब्जी मार्केट, शहीद भगतसिंह चौक, बोहरा मस्जिद रोड होते हुए वापस बोहरा मस्जिद लौटा जहां राष्ट्रगान के साथ जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में एक झलक बड़ी सादगी और शांति का संदेश देने के रूप में समाज के छोटे छोटे बच्चे चल रहे थे। शहरवासियों द्वारा जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के प्रमुख आमिल एम.अली असगर शेख मुर्तजा कारी, शेख नूरूल हसन नूर, मुअल्लिम मुल्ला बुरहानुददीन रंगवाला, शेख मुख्तार हुसैन, शेख अब्दुल हुसैन यावर, इरफान जमा सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने खराब फसल के सर्वे के अधिकारियों को दिए निर्देश

आष्टा देशबन्धु। जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियरिंग ग्राम भटोनी में किसानों के खेतों में जाकर सोयाबीन देखें जो की बरसात न होने के कारण सोयाबीन नहीं पक पाए एवं अब अधिक वर्षा के कारण किसान सोयाबीन नहीं निकल पा रहे हैं विकट समस्या को देखते हुए श्री इंजीनियर ने किसानो के सामने ही सक्षम अधिकारी को तुरंत अवगत कराया एवं खेतों का सर्वे करवाने का निर्देश दिया । साथ में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुनील परमार मंडल महामंत्री नरेंद्र ठाकुर मीडिया प्रभारी विरेद्र सिंह ठाकुर पूर्व जनपद सदस्य युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह ठाकुर दिनेश सोनी एडवोकेट, नरेंद्र सिंह ठाकुर बापचा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष निर्मल मेवाड़ा एवं किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

बूझो तो जाने

पूर्व पार्षद का नही हो रहा नगरपालिका से मोहभंग

आष्टा देशबन्धु। लगभग 7 साल तक पार्षदी करी और नगरपालिका के छोटे कर्मचारीयो पर अपनी रौब झाड़ा और पिछले साल हुए नगरपालिका चुनाव में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। कुछ दिन तक दु:ख व्यक्त किया। और फिर लगातार पार्षद की तरह नगरपालिका में आने लगे। यही नही सुबह से लेकर शाम तक डटे रहने से कई छोटे कर्मचारी परेशान है । वही अधिकारी के सामने बैठने से अधीनस्थ कर्मचारी अपना काम नही करा पा रहे है। और न ही अपने अधिकारी से बात कर पा रहे है। अब उक्त पूर्व पार्षद से लगभग सभी उकताने लगे है। वही अधिकारयो को भी इस ओर गंभीरता से ध्यान देना होगा ताकि नगरपालिका की गरिमा बनी रहे। आजादी के बाद पहली बार नगरपालिका में भाजपा का कब्जा है। इस ओर अध्यक्ष को भी गंभीरता से सोचना होगा। पूर्व पार्षद आज भी शायद अपने आप को पार्षद मान रहे है। जबकि उन्हे गंभीरता से सोचना होगा कि अब वो पार्षद नही है। पूर्व पार्षद की दखलअंदाजी से कुछ कर्मचारी अपने कार्य को ही समय पर अंजाम नही दे पा रहे है। कई बार तो पूर्व पार्षद यह भी भूल जाते है। कि अब मै पार्षद नही हूं और कर्मचारी से अनावश्यक जानकारी लेते रहते है।

नगर मे चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट मे हो रहे रोमांचक मुकाबले

आष्टा देशबन्धु। नगर मे स्टार ग्रुप के तत्वाधान में आयोजित आष्टा चैंपियन ट्राफी फुटबाल लीग टूर्नामेंट जिसकी अध्यक्षता कर रहे शेख आरिफ उपाध्यक्ष नफीस काजल, सचिव शेख अशवाक स्टार मैरिज गार्डन सहसचिव शेख राजा, कमिश्नर पप्पू डिस्क रहे। इस आयोजन में मुख्य रूप से राजा पठान, फैजउद्दीन तोसीफ बाबा, असलम खान, नासिर पठान शेख राजा सिराज पठान, आबिद मंसूरी, वसीम पठान, मुजाहिद मिर्जा, सलमान अली रहे। प्रतियोगिता मे आज दो मैच खेले गए।

करंट लगने से युवक की मौत

आष्टा देशबन्धु। पार्वति थाना अंतर्गत ग्राम छापरी मे युवक को करंट लग गया। तत्काल अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक जितेंद्र वर्मा पिता बोंदरसिंह वर्मा उम्र 35 साल निवासी छापरी को करंट लग गया था। परिजन आष्टा सिविल अस्पताल लाए। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वार्डबाय फूलसिंह की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच मे लिया।

एथेलेटिक्स मे ग्रीन फील्ड स्कूल के अनुज यादव प्रथम स्थान पर रहे

आष्टा देशबन्धु। ग्रीन फील्ड हायर सेकेंडरी स्कूल के होनहार प्रतिभावान छात्र अनुज यादव पिता राजेशयादव कक्षा 11 वी ने जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेमस में एथलेटिक्स मे 800 मीटर तथा 3000 मीटर मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र के इस अद्वितीय प्रतिभा ने आष्टा शहर परिवार जन विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्र की इस सफलता पर संस्था डायरेक्टर धर्मेन्द्र गौतम प्राचार्या श्रीमति बबिता गौतम ने छात्र को सम्मानित कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया। छात्र के साथ सुरेश जी यादव और विद्यालय परिवार से सुरेश कुशवाह पुरुषोत्तम शर्मा पूजा शर्मा दीपीका सबाना कुरैशी वैशाली नामदेव आदि ने भी छात्र को शुभकामनाएं दी।

स्वच्छता ही सेवा के द्वारा चलाया सफाई आभियान

आष्टा देशबन्धु। नगर पालिका द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंगलवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 स्वच्छता ही सेवा आभियान अन्तर्गत नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा उपाध्यक्ष सिद्धिका बी भूरु भाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के आदेशानुसार सहयोगी संस्था एवीएस कंसलटेंसी सर्विसेज की टीम के द्वारा वार्ड क्रमांक 16 ऋषभ विहार कॉलोनी में सफाई जागरूक आभियान चलाया गया जिसमे शहर के छोटे और बड़े नाले और नालिया को साफ किया गया। सफ़ाई जन अभियान के द्वारा नगर के आम नागरिकों से अपील की गई की आप अपने घरों से निकलने वाले कचरे को डस्टबीन में रखे तथा कचरे को रोड, नाला, और नालियो में न फेंके स शहर को स्वच्छ बनाए और आप भी स्वस्थ रहे ।। अभियान में एस आई विनोद सांगते ज्ञानसिंह बामनिया ऋतु सक्सेना दरोगा राजेश घेंघट, शादीलाल, राजेश, विनोद, सोनू मौजूद रहे।

पंचायत मंत्री सिसोदिया ने स्वीकृत कराई थी 98 करोड़ की लागत की सिंचाई परियोजना

किसानों के चेहरे खिले, ग्वालटोरिया बांध के निर्माण के लिए मशीनें पहुँचना शुरू

गुना देशबन्ध। विगत दिवस जेसीबी जैसी भारी भरकम मशीनें बमौरी की ओर जाती दिखीं तो हर कोई कय़ास लगा रहा था कि आखिर ये बड़ी मशीनें कहाँ और क्यों ले जा रहीं हैं। पर जब स्थानीय रहवासियों द्वारा इस बात का पता लगाया गया तो उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। यहां बात चल रही है बमौरी विधानसभा के अन्तर्गत सूबे के विधायक और प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया के विशेष प्रयासों से स्वीकृत कराई गई बहूप्रतीक्षित ग्वालटोरिया सिंचाई परियोजना की जिसके निर्माणकार्य प्रारंभ होने जा रहा है। जिसके लिए ये मशीनें परियोजनास्थल पर पहुँचाई जा रही हैं। काम प्रारंभ होने की खबर लगते ही किसानों के चेहरे खिल उठे, साथ ही महिलाओं में भी प्रसन्नता देखी गई क्योंकि इस परियोजना से उनके घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति भी शुरू हो जाएगी। बता दें ग्वालटोरिया मध्यम सिंचाई परियोजना बमौरी विधानसभा के ग्राम कावर बमौरी के समीप बरनी नदी पर प्रस्तावित है। इस परियोजना की प्रारंभिक लागत लगभग 97 करोड़ रुपये आएगी। जिसका जलग्रहण क्षेत्र लगभग 51 वर्ग किमी है। इस परियोजना के बांध की कुल लंबाई 1710 मीटर एवं एवं अधिकतम ऊँचाई 14.10 मीटर है। जिसकी भराव क्षमता 11.20 मि.घन मीटर है। इस परियोजना से 3000 हेक्टेयर (7413 एकड़)की कृषि भूमि की सिंचाई की जा सकेगी। इस परियोजना से ग्राम कावर बमौरी, आटाखेड़ी, मानपुर, ककरु, आमार, लपचौरा, डिगडौली, डुमावन, ढीमरपुरा, जौहरी, जैतपुरा, वर्धा सहित कई गांवों के कृषकों को सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। पंचायत मंत्री ने कहा कि ग्वालटोरिया परियोजना का कार्य प्रारंभ होने पर सभी को शुभकामनाएँ, शीघ्र ही पन्हेटी का कार्य प्रारंभ होगा।

जिला पंचायत की दुकानों का किराया नहीं भरने वालों को 7 दिन की मोहलत

गुना देशबन्धु। जिपं सीईओ प्रथम कौशिक द्वारा जिला पंचायत के स्वामित्व की दुकान क्रमांक 31 के संबंध में 07 दिवस के अंदर बकाया राशि जमा किये जाने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। जिला पंचायत के स्वामित्व की दुकान क्रमांक 31 गायत्री मंदिर के सामने जिला पंचायत कॉम्पलेक्स एबी रोड लक्ष्मण सिंह कुशवाह पुत्र पूरनलाल कुशवाह द्वारा किरायानामा/अनुबंध पत्र की शर्तों के अनुसार प्राप्त की गई थी। अनुबंध पत्रों की शर्तों एवं जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार दुकानों के मासिक किराये में निर्धारित समयावधि में वृद्धि की जाती है। किन्तु लक्ष्मण सिंह कुशवाह द्वारा द्वारा किराये पर उपलब्ध दुकान का नियमित रूप से प्रतिमाह किराया जिला पंचायत गुना को जमा नहीं किया गया है, जो अनुबन्ध शर्तों के विपरीत है। कुशवाह द्वारा जुलाई 2018 से कोई किराया राशि जमा नहीं की गई है। नियमित किराया राशि जमा नहीं किए जाने से माह अगस्त, 2023 की स्थिति में दुकान क्रमांक-31 की किराया राशि रूपये 5,42,378/- एवं विलम्ब शुल्क राशि रूपये 54,283/- इस प्रकार कुल राशि रूपये 5,96,616 /- बकाया है, जो वसूली योग्य है। साथ ही श्री कुशवाह द्वारा आज दिनांक तक जिला पंचायत गुना के पक्ष में नवीन अनुबन्ध पत्र कई बार कार्यालय द्वारा अनुरोध किए जाने के उपरांत भी सम्पादित नहीं किया गया है। इसे दृष्टिगत रखते हुए दुकान किराया बकाया राशि रूपये 5,96,616 सूचना पत्र प्राप्ति के 07 दिवस के अंदर अनिवार्यत॰ जिला पंचायत कार्यालय गुना में जमा कराते हुए नवीन अनुबंध कराना सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए हैं। यदि दर्शित बकाया राशि गलत दर्शित हो, तो जमा रसीद एवं जिला पंचायत से किए गए अनुबंध की छायाप्रति के साथ अभ्यावेदन निर्धारित समयावधि 07 दिवस में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। नियत समयावधि में अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं करने की दशा में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व श्री सिंह कुशवाह का होगा।

2 किलोमीटर की पटरी पर 30 किमी की रफ्तार से दौड़ी मेट्रो

भोपाल, देशबन्धु। सुभाष नगर स्थित मेट्रो डिपो में कोच को जोड़ने और जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मेट्रो कोच पटरी पर आ गए हैं। मंगलवार को इसका सुरक्षा परिचालन शुरू हुआ। सुभाष नगर डिपो से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक स्टेशन के बीच मेट्रो का सुरक्षा परिचालन किया। दोपहर साढ़े 12 बजे मेट्रो बोर्ड आफिस चौराहे से गुजरी और दोपहर सवा 1 बजे आरकेएमपी पहुंची। इस दौरान मेट्रो में तकनीकी स्टाफ बैठा था और मेट्रो की रफ्तार30 किलोमीटर प्रति घंटे की रही। 2 अक्टूबर को अंतिम परिचालन किया जाएगा। शिवराज सिंह चौहान अंतिम परिचालन को न सिर्फ हरी झंडी दिखाएंगे, बल्कि मेट्रो का सफर भी कर सकते हैं।

वायुसेना स्थापना दिवस 30 को, मिराज, तेजस और जगुआर ने किया अभ्यास

भोपाल, देशबन्धु। भारतीय वायुसेना का 91वां स्थापना दिवस 30 सितंबर को भोपाल में मनाया जाएगा। इस दिन होने वाले एयर शो में तेजस, मिराज और जगुआर जैसे 30 से ज्यादा लड़ाकू विमान और हेलिकॉप्टर करतब दिखाते नजर आएंगे। एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि यह एयर शो पॉवर बियोंड बाउंड्रीज़ थीम पर होगा। इसमें तेजस, ध्रुव, जगुआर, चिनूक, सूर्यकिरण जैसे विमान और हेलीकॉप्टर अपना जौहर दिखाएंगे। महिला पायलट भी फ्लाईपास्ट में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि अब तक 30 लड़ाकू विमान और हेलिकॉप्टर भोपाल पहुंच चुके हैं। इनमें 25 विमान राजाभोज एयरपोर्ट पर और बाकी ईएमई सेंटर में खड़े किए गए हैं। बोट क्लब और वीआईपी रोड पर खड़े होकर इस एयर शो को फ्री में देखा जा सकता है। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल नहीं हो रहे हैं। गवर्नर मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि रहेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी एयर शो कार्यक्रम में शामिल होंगे। फिलहाल इस एयर शो के लिए बोट क्लब पर लड़ाकू विमान अभ्यास कर रहे हैं। इस अभ्यास में जगुआर, मिराज, सूर्यकिरण, तेजस और चिनूक हेलिकॉप्टर शामिल हैं।

छंटने लगे बादल, छिटपुट बारिश की संभावना

भोपाल, देशबन्धु। राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र से दक्षिण-पश्चिम मानसून की रवानगी शुरू हो गई है। वर्तमान में मप्र के मौसम को प्रभावित करने वाला कोई मौसमी सिस्टम भी सक्रिय नहीं है। इस वजह से अब बादल छंटने लगे है। हालांकि वातावरण में कुछ नमी बरकरार रहने के कारण कही-कहीं छिटपुट बारिश हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर तैलंगाना तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इसी तरह छत्तीसगढ़ पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर कोंकण तक एक द्रोणिका बनी हुई है। वहीं तमिलनाडु पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। लेकिन वर्तमान में मौजूद इन मौसमी सिस्टमों का मप्र के मौसम पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ रहा है। वहीं 29 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बनने जा रहा है, लेकिन इसका भी मप्र के मौसम पर विशेष प्रभाव पड़ने की संभावना कम है।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक पश्चिमी राजस्थान से मानसून की वापसी शुरू हो चुकी है। इस वजह से अब मप्र में भी मानसून की गतिविधियों में कमी आने लगी है और बादल छंटने लगे हैं। हालांकि वातावरण में नमी मौजूद रहने की वजह से कहीं-कहीं छिटपुट वर्षा हो सकती है। वहीं अक्टूबर के पहले सप्ताह में मप्र से भी मानसून की वापसी होना संभव है। उधर पिछले 24 घंटों के दौरान धार में 33.4, गुना में 11, रतलाम में 11, नौगांव में 7.2, दतिया में 5.2, भोपाल में तीन, रायसेन में दो, ग्वालियर में 0.6, इंदौर में 0.4 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि नर्मदापुरम में बूंदाबांदी हुई।

6 जिलों में अभी भी वर्षा की दरकार

बता दें कि सितंबर माह में हुई झमाझम वर्षा से प्रदेश में सितंबर माह का अभी तक का सामान्य वर्षा का कोटा पूरा हो गया है। इस मौसम में एक जून से लेकर मंगलवार तक 940 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। जो सामान्य वर्षा 940.4 मिलीमीटर की तुलना के समकक्ष है। इसमें पूर्वी मप्र में अभी तक 991.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो सामान्य वर्षा 1033.1 मिलीमीटर के मुकाबले चार प्रतिशत कम है। वहीं पश्चिमी मप्र में अभी तक 900.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो सामान्य वर्षा 869.1 मिलीमीटर की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है। हालांकि अभी भी प्रदेश के छह जिले गुना, अशोकनगर,दमोह, सतना, रीवा एवं सीधी में सामान्य से 23 से लेकर 37 प्रतिशत तक कम वर्षा हुई है।

आयुर्वेद के यूजी-पीजी छात्र हड़ताल पर

कहा समय पर हों परीक्षाएं और स्टायपेंड में भी बढ़ोत्तरी हो

भोपाल, देशबन्धु। प्रदेश भर के समस्त आयुर्वेद कॉलेज के पीजी-यूजी छात्रों के अलावा ट्रेनी छात्र अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। यह छात्र परीक्षाएं समय पर कराने एवं स्टायपेंड में बढ़ोत्तरी की मांग कर रहे हैं। खुशीलाल आयुर्वेदिक हास्पिटल के साढ़े 4 सौ से अधिक छात्रों ने मंगलवार को हड़ताल पर रहते हुए विरोध दर्ज किया। छात्रों ने बताया कि प्रदेश भर के सातों सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्र इस समय हड़ताल पर हैं। छात्रों ने बताया कि प्रदेश के शासकीय आयुष महा विद्यालयों में स्वशासी स्नातकोत्तर, गृह चिकित्सक, इंटर्न के साथ शासन द्वारा घोर उपेक्षा का व्यवहार किया जा रहा है । सरकार को कई वर्षों से लगातार समय समय पत्राचार किया जाता रहा है लेकिन सदैव निराशा ही हाथ लगी है।

चालक ने युवती से मोबाइल लूटा, विरोध करने पर चलते आटो से दे दिया धक्का

भोपाल, देशबन्धु। खजूरी सड़क थाना इलाके में आटो में सफर कर रही युवती से चालक ने मोबाइल फोन लूट लिया। लूटपाट का विरोध करने पर उसने चलते आटो से महिला को धक्का दे दिया। इससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। इस वारदात में पुलिस ने आटो चालक के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

खजूरी सड़क थाना पुलिस के मुताबिक 20 वर्षीय वर्षा पुत्री मनीष माली सीहोर में रहती है तथा एक निजी कंपनी में एक्जीक्यूटिव आफीसर के पद पर है। भोपाल में उसका मायका है। सोमवार दोपहर को वह सीहोर से भोपाल आने के लिए आटो में सवार हुई थी। रास्ते में चाय पीने के लिए रुकने पर युवती को लगा कि आटो चालक उसका मोबाइल फोन छीनना चाहता है। आशंका भांपते हुए वह चाय दुकान से आकर आटो में बैठ गई। आटो जब भौंरी जोड़ के पास पहुंचा, तभी आटो चालक ने मोबाइल छीनने के लिए युवती के साथ झूमाझटकी करना शुरू कर दी। चालक ने मोबाइल छीनते हुए युवती को चलते आटो से धक्का भी दे दिया। वारदात के बाद चालक आटो लेकर फरार हो गया। अस्पताल में इलाज कराने के बाद वर्षा रात सवा नौ बजे थाने पहुंची और आटो चालक के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी आटो चालक की पहचान कर ली है। राहुल नामक यह आरोपी लालघाटी क्षेत्र के रहने वाला है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

इंसानियत की पहचान का दूसरा नाम है भाषा : विजय बहादुर

भोपाल, देशबन्धु। प्रख्यात साहित्यकार विजय बहादुर सिंह भाषा, विचार चेतना परिष्कृत करने और पटरी पर लाने का उपक्रम करती है। भाषा सिर्फ संवाद स्थापित नहीं करती अपितु संप्रेषण का कार्य भी करती है. भाषा के दुरुपयोग के कारण ही महाभारत जैसा कांड हुआ। वे रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय हिंदी दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत मानवीय मूल्य एवं शिक्षा का वर्तमान परिदृश्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।

श्री सिंह ने कहा कि भाषा सोचने, समझने, बरतने और इंसानियत की पहचान का दूसरा नाम है। अगर चेतना विस्तृत होगी तो भाषा भी विस्तृत होती चली जाएगी। निदा फ़ाज़ली के शेर नन्हे नन्हे हाथों को तुम चांद सितारे छूने दो, दो-चार किताबें पढ़कर हम जैसे हो जाएंगे को उद्धृत करते हुए उन्होने कहा कि भाषा हमारे कोमल मन को गहरे तक प्रभावित करती है। भाषा हमारे लिए जरूरी ना होती तो कबीर को कोई भी पैदा नहीं कर सकता था। प्रो सिंह ने ज़ोर देते हुए कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि संप्रेषण का माध्यम है जो आपकी पहचान बनाती है।

संगोष्ठी के अध्यक्ष और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विजय अग्रवाल ने कहा कि व्यक्ति के मानवीय पक्ष को साहित्य मजबूत बनाता है। यदि भाषा का सम्यक ज्ञान है और उसका साहित्य उपलब्ध है तो व्यक्तित्व का रूपान्तरण हो जाता है। दुख इस बात का है कि आज साहित्य के अध्येता कम हो रहे हैं।

इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत कहानी,निबंध एवं कविता प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स सोनल सिंह एवं डॉ बलप्रदा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कुलसचिव डॉ एनके लारिया, शोध महानिदेशक डॉ वी के सेठी, विश्वविद्यालय शिक्षक तथा छात्र सम्मिलित हुए। अंत में धन्यवाद प्रो एन के श्रीवास्तव ने दिया।

अभाकाम की प्रादेशिक बैठक सम्पन्न

कायस्थ प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

भोपाल, देशबन्धु। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (अभाकाम)मध्यभारत इकाई की प्रादेशिक बैठक गत दिवस टीटीटीआई के सभागार में संपन्न हुई। उक्त बैठक में मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय पदाधिकारी, सभी जिलाध्यक्ष, प्रादेशिक पदाधिकारी, विशेष आमंत्रित सदस्य भी उपस्थित हुए। इस अवसर पर कायस्थ प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया।

महासभा के सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में विगत वर्ष के कार्यों का अनुमोदन एवं आगामी वर्ष की रुपरेखा-योजना के साथ अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया। इसके तहत प्रदेश स्तर पर कायस्थ मेधावी छात्रवृत्ति फण्ड का बनायेंगे। इसके साथ ही हर जिले में विवाह योग्य बच्चों के परिचय सम्मेलन आयोजित करना,प्रत्येक गुरुवार को हर जिले में मंदिर में या किसी पदाधिकारी के घर एकत्र होकर आराध्यदेव चित्रगुप्त का सामूहिक पूजन करना और निर्धन कन्याओं के विवाह में समाज को सहयोग प्रदान करने हेतु फण्ड का प्रबंध करना शामिल है। बैठक का संचालन बृजेश श्रीवास्तव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन डॉ0रमेश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का द्वितीय सत्र गीत-संगीत कार्यक्रम के साथ शुरु हुआ, जिसका चित्रांश बन्धुओं ने लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में अजय श्रीवास्तव नीलू, शीला भटनागर, रामसेवक श्रीवास्तव, अम्बेश श्रीवास्तव, पवन सक्सेना, केसी श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, अभय प्रधान, राजकुमार श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव,आराधना श्रीवास्तव, सरीना माथुर, महेन्द्र श्रीवास्तव, ओपी.श्रीवास्तव, डॉ.ऊषा खरे, मीना श्रीवास्तव, अंजली खरे, पूनम श्रीवास्तव, सुषमा श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, अनु श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव, वंदना श्रीवास्तव, सहित विशाल समूह में चित्रांश बंधु सपरिवार उपस्थित हुए।

यह हुए सम्मानित

इस अवसर पर कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की प्रावीण्य सूची में आने वाले 27 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया । सम्मान की कड़ी में कायस्थ समाज के साहित्य के क्षेत्र के पत्रकार राजेश चंचल, चिकात्सा के क्षेत्र में डॉ.रामकुमार श्रीवास्तव, डॉ.अनूप हजेला, डॉ.पूर्वा श्रीवास्तव, पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने के लिए काष्ठ कला एवं गोबर से निर्मित कण्डों के आविष्कारक डॉ.योगेन्द्र सक्सेना तथा योग के क्षेत्र में अमूल्य योगदान प्रदान करने के लिए हरीश श्रीवास्तव (आगर-मालवा) को महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पूर्व सांसद आलोक संजर, सेवानिवृत्त आईएएस अजात शत्रु श्रीवास्तव, राजीवनंदन श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रवि सक्सेना, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोनू सक्सेना द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रादेशिक महिला एवं युवा इकाई के पदाधिकारी का शपथ-ग्रहण कार्यक्रम भी हुआ।

सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान का पांचवा चरण शुरु

भोपाल, देशबन्धु। सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के पाँचवे चरण का आरंभ भोपाल शहर से किया गया है। पाँचवे चरण मे भोपाल शहर मे सीएसआर पहल के तहत जी लियन मोबाइल (इं) प्रा. लि. ने 200 हेलमेट का वितरण किया । इसके पूर्व कम्पनी के द्वारा प्रथम चार चरणों मे 12 सौ हेलमेट इंदौर एवं रीवा शहर मे नि: शुल्क वितरित किये।

अभियान के पाँचवे चरण का शुभारंभ आज यातायात प्रबंधन पुलिस के मार्गदर्शन मे रोशनपुरा चौराहा टी टी नगर से किया गया । यहां पर महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और अन्य दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षार्थ नि:शुल्क हेलमेट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर यातायात पुलिस उपायुक्त द्वारा उपस्थित आमजन को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी गई एवं घर से हेलमेट पहनकर निकलने हेतु शपथ दिलाई। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई । कार्यक्रम मे यातायात पुलिस के डीसीपी पद्मविलोचन शुक्ल, एडिशनल डीसीपी विक्रम रघुवंशी, एडिशन डीसीपी बसंत कॉल, एसीपी मधुकर चौकी कर, एसीपी अजय बाजपेई, थाना प्रभारी संजय सिंह एवं झोनल विक्रय प्रबंधक चेतन दशोत्तर, प्रसून पाठक, चंचल गुप्ता एवं डिस्ट्रीब्यूटर सौरव उप्पल भी उपस्थित थे । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हेलमेट के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना है, क्योंकि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का सबसे मुख्य कारण सिर में चोट लगना होता है। इस अभियान को एक वर्ष की अवधि में मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों में चलाया जाएगा।

हेलमेट का नि:शुल्क वितरण किया

नि:शुल्क यूरोलॉजी शिविर:अब तक साढ़े 4 सौ रोगियों का पंजीयन

संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में शनिवार से लगे 98वें नि:शुल्क यूरोलॉजी शिविर में 460 रोगियों ने इलाज के लिये पंजीयन करवाया है। इसमें 331 पुरूष तथा 129 महिला रोगी शामिल हैं।

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के प्रबंधन ट्रस्टी एल.सी. जनियानी ने कहा है कि पंजीबद्ध मरीजों के रोग का परीक्षण, पैथालॉजी जांचें, एक्सरे एवं सोनोग्राफी जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । पेषाब की रूकावट के मरीजों की सुविधा के लिये अन्य मरीजों के पंजीयन की अवधि 2 दिन और बढ़ा दी गई है । श्री जनियानी ने कहा है कि शिविर में चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लेने वाले हितग्राहियों को आरोग्य प्राप्ति के साथ ही संत हिरदाराम के आषीर्वाद भी मिलते हैं जिसे पाकर रोगी बढ़ती आयु में भी निरोगी काया का सुख भोगता है । श्री जनियानी ने भोपाल तथा आसपास के क्षेत्रों में निवासरत मरीजों को शिविर में आकर इलाज करवाने का आग्रह किया है ।

भदभदा में 25 करोड़ की लागत से बनेगा एक्वा पार्क एवं अनुसंधान केंद्र

सिलावट ने किया भूमि-पूजन

भोपाल, देशबन्धु। जल-संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार मत्स्य- पालकों के कल्याण के लिये कटिबद्ध, वचनबद्ध और प्रतिबद्ध है। श्री सिलावट ने आज भदभदा मत्स्य प्रक्षेत्र भोपाल में 25 करोड़ की लागत से लगभग 4 एकड़ भूमि पर बनने वाले एक्वा पार्क एवं अनुसंधान केंद्र का भूमि-पूजन किया।

श्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश सरकार मछुओं के कल्याण के लिये निरंतर कार्य कर रही है। केवट समाज का देश के विकास में सराहनीय योगदान रहा है। उनके कार्यों से हमें नई ऊर्जा और शक्ति मिलती है। वे केवट ही थे, जिन्होंने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं जानकी को गंगा पार कराया था। श्री सिलावट ने बताया कि मत्स्य-पालकों को रुकने और भोजन के लिये भोपाल सहित सभी जिलों में भवन बनाये जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि से गाँधी सागर तथा जिन अन्य क्षेत्रों में मछुआरों को नुकसान हुआ है, उसका सर्वे कराकर यथासंभव सहायता सरकार द्वारा दी जायेगी। उन्होंने पार्क का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्तापूर्ण से कराने के निर्देश दिए।

मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम बाथम ने बताया कि भोपाल में मत्स्य-पालकों के लिये 7 करोड़ की लागत से भवन बनाया जायेगा। विधायक नारायण पटेल, प्रमुख सचिव श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, अपर सचिव अनुराग चौधरी, प्रबंध संचालक पुरुषोत्तम दीवान, संचालक भरत सिंह तथा बड़ी संख्या में मत्स्य पालक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस एक्वा पार्क की स्थापना केन्द्र के वित्तीय सहयोग से जलीय जीवों के प्रदर्शन, उनके जीवन अध्ययन और इससे संबंधित पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है।

आ.जा. सेवा सहकारी समिति रोंढा जिला बैतूल

आमसभा

आदिम जाती सेवा सहकारी समिति रोंढ़ा जिला बैतूल की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक **27.09.2023** दिन बुधवार को सुबह 12 बजे रखी गई है। संस्था के सभी गणमान्य सदस्यों से निवेदन है कि संस्था के कार्य स्वरुप आगामी बजट, आय-व्यय आदि विषयों पर विचार विमर्श किये जायेगे अत: सभी सदस्य गण अपने पहचान पत्र संस्था से संबंधित जो भी रिकार्ड हो साथ लेकर आने का कष्ट करें। आमसभा को सफल बनाने की अपील संस्था प्रशासक श्री सी.एल डोंगरे और प्रबंधक श्री प्रदीप मालवी द्वारा की जाकर समस्त विषयों पर विचारों के लिए उपस्थित होने का कष्ट करें।

सी.एल. डोंगरे
प्रशासक

प्रदीप मालवी
प्रबंधक

भोपाल, बुधवार 27 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

मजबूती का परिचय दें मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने के साथ ही पुरानी सरकारों की अपनाई गई नीतियों और फैसलों को बदलने का काम किया, ताकि उनका नाम एक मजबूत प्रधानमंत्री के तौर पर दर्ज हो सके। भारत को पूरी तरह बदल देने के उनके जुनून ने बहुत से दीर्घकालिक नुकसान कर दिए हैं। लेकिन इस वक्त उनकी तथाकथित लोकप्रियता के फेर में इन नुकसानों का सही आकलन नहीं किया जा रहा है। विश्व में भारत की पहचान हमेशा से शांतिप्रिय देश के तौर पर रही। गांधीजी दुनिया में अहिंसा के पुजारी माने गए और नेहरूजी शांति दूत। भारत को विश्वगुरु और विश्वमित्र बनाने का कोई घोषित ऐलान पहले की सरकारों ने नहीं किया और दुनिया के मानचित्र में भारत का अनूठा, सम्मानजनक स्थान बना रहा। लेकिन मोदी सरकार के नौ सालों के कार्यकाल में विदेश नीति में अघोषित प्रयोग हुए और उसका नतीजा ये रहा कि पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और चीन जैसे पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आए ही, अब कनाडा के साथ रिश्ते दांव पर लग गए हैं। संबंधों में इस कड़वाहट के लिए जिम्मेदार कनाडा ही है, लेकिन सवाल मोदी सरकार पर भी उठेंगे कि आखिर उसने कनाडा की नीयत को पहचाना कैसे नहीं। क्यों खालिस्तान जैसा मुद्दा, जो भारत की अखंडता के लिए बड़ा खतरा है, वह फिर से जिंदा हो गया है। देश जानता है कि खालिस्तान आंदोलन ने किस तरह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी समेत कई बड़े राजनेताओं, अधिकारियों, और गणमान्य नागरिकों की शहादत ली। बड़ी मुश्किल से इस आग को शांत किया गया था, लेकिन अब इसकी लपटें कनाडा से उठती दिख रही हैं। याद करें कि जब 2020-2021 में किसान आंदोलन चल रहा था, तब आंदोलनकारियों को खालिस्तानी कहकर अपमानित किया गया था। यह सब मोदी सरकार की नाक के नीचे होता रहा और प्रधानमंत्री मोदी से यह कहते नहीं बना कि देश में बंद किए जा चुके इस दुखदायी अध्याय को किसी भी कारण से फिर न खोला जाए। देश को जब भी जरूरत होती है प्रधानमंत्री चुप ही रहते हैं। अब भी कनाडा के साथ इतनी कड़वाहट बढ़ गई है और इस वजह से लाखों भारतीय जो इस समय पढ़ने, काम करने या अन्य वजहों से कनाडा में हैं, वे अपने भविष्य को लेकर सशंकित हो रहे हैं। भारत सरकार की ओर से एडवाइज़री जारी हो चुकी है। विदेश मंत्री इस मामले में लगातार बयान दे रहे हैं, लेकिन श्री मोदी की ओर से जो आश्वस्ति कनाडा में रहने वाले भारतीयों और यहां उनके परिजनों को मिलनी चाहिए, उसकी कमी कहीं न कहीं महसूस हो रही है। इस बीच कनाडा के साथ विवाद सुलझने की जगह और उलझता दिख रहा है, क्योंकि इसमें अब अमेरिका की राय भी सामने आ गई है।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते जी-20 की बैठक से लौटने के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर एक गंभीर आरोप लगाया। कनाडाई नागरिक और भारत में आतंकी घोषित हरदीप सिंह निज्जर की जून में हुई हत्या के मामले में ट्रूडो ने कहा था कि निज्जर की हत्या के पीछे 'भारत सरकार के एजेंट' हो सकते हैं। ट्रूडो ने संसद में ये बड़ा आरोप लगाया और इसके पीछे सबूतों के होने का दावा भी किया। हालांकि वो सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। लेकिन इसके बाद से भारत और कनाडा के बीच संबंध एकदम से बिगड़ गए। अब हालात ऐसे हैं कि राजनयिकों को वापस बुलाया जा रहा है। भारत ने कनाडा के लोगों को वीज़ा देने पर रोक लगा दी है, वहीं कनाडा ने भारत आए कनाडाई नागरिकों के लिए नयी एडवायजरी जारी की है, जिसमें कहा गया है- 'कनाडा और भारत में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, विरोध प्रदर्शन के आह्वान और सोशल मीडिया पर कनाडा के प्रति कुछ नकारात्मक भावनाएं हैं। कृपया सतर्क रहें और सावधानी बरतें।' उधर निज्जर की हत्या के खिलाफ खालिस्तानी समर्थकों ने मंगलवार को कनाडा के टोरंटो, ओटावा और वैंकूवर में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। खालिस्तान समर्थक संगठन - 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) के सदस्यों के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों को नारे लगाते और खालिस्तानी झंडे लहराते देखा गया।

इस बीच फाइनेंशियल टाइम्स में छपी एक खबर के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य पश्चिमी नेताओं ने जी-20 सम्मेलन में निज्जर हत्या के मामले को प्रधानमंत्री मोदी के सामने उठाया था। रिपोर्ट है कि उन नेताओं ने कहा था कि नयी दिल्ली से जुड़े एजेंट वैंकूवर में सिख अलगाववादी की हत्या में शामिल थे। यही बात ट्रूडो ने भी कही थी कि उन्होंने जी-20 के दौरान निज्जर की हत्या का मामला उठाते हुए भारत से कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन भारत ने उनकी बात का खंडन कर दिया था। खबरें ये भी हैं कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर इनपुट कनाडा के साथ साझा किए थे। इसके अलावा अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कनाडा के आरोपों की गहन जांच के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हम कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरफ से संदर्भित आरोपों से चिंतित हैं। हम अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में हैं। अमेरिका ने यह भी कहा कि जांच आगे बढ़नी चाहिए और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।

अमेरिका जिस तरह का रुख इस समय दिखा रहा है वह उसके दोहरे मापदंडों को बताता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा भी कि दुनिया अभी भी डबल स्टैंडर्ड यानी दोहरे मापदंड से चल रही है। जो देश प्रभावशाली हैं वे स्थिति में बदलाव का विरोध कर रहे हैं और ऐतिहासिक रूप से शक्तिशाली देश इन क्षमताओं का इस्तेमाल हथियारों की तरह कर रहे हैं। जयशंकर का इशारा निश्चित ही पश्चिमी देशों की ओर है, लेकिन अब भारत को इशारों में नहीं साफ-साफ अपनी बात वैश्विक मंच पर रखना चाहिए। अमेरिका एक ओर भारत का मित्र बनकर रहे और दूसरी ओर उन शक्तियों का समर्थन करे, जो भारत की अखंडता के लिए खतरा हैं, यह किसी हाल में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। श्रीमान मोदी अपनी मजबूती का परिचय वैश्विक पटल पर दें, यह वक्त की मांग है।

मोदी का विरोधियों को 'अर्बन नक्सल' कहना अशोभनीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिक्शनरी में विपक्ष के लिये जितने (अप)शब्द होंगे, शायद ही किसी अन्य नेता के पास उतने हो सकते हैं। मोदी केन्द्र पर जिन हथियारों के बलबूते केन्द्र की सत्ता पर आरुढ़ हुए हैं, उनमें एक बड़ा असलहा प्रतिपक्ष, खासकर कांग्रेस पर गैरजिम्मेदार तरीके से होने वाला हमला है। जो-जो आरोप लगाकर भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्र तक अपनी पहुंच बनाई और दो मर्तबा सत्ता सम्भाली, मोदी उनमें से कोई भी साबित नहीं कर पाये- बावजूद इसके कि अब वे दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रहे हैं और देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। मोदी का 9 वर्षों से अधिक का कार्यकाल केवल इसी काम में बीता है। इसके लिये उन्हें अवसरों और मंचों का भी भान नहीं रहता। संसद के भीतर कोई बयान देना हो या फिर राष्ट्रीय पर्वों को सम्बोधित करना हो, किसी भी विषय पर आयोजित सम्मेलन हो अथवा बैठक- मोदी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उनका एजेंडा हर मौकों पर एक सा होता है- विपक्ष को अपमानित करना एवं उसे नीचा दिखाना। चुनावी सभाओं में तो वे सारी हदें पार कर ही जाते हैं, क्योंकि ऐसे मंच तो उनके लिये सबसे माकूल व मुफ़ीद होते हैं। मोदी ने पद की प्रतिष्ठा तथा गरिमा को अपनी ज़ुबान से जितना गिराया है, लोकतांत्रिक मर्यादाओं के वह बिलकुल विपरीत व अशोभनीय है।

सोमवार को मोदीजी ने अपने उसी तेवर व तासीर का परिचय देते हुए कांग्रेस को 'जंग लगी हुई पार्टी' करार देते हुए कहा कि उसे अब अर्बन नक्सलियों को आऊटसोर्स कर दिया गया है। हाल ही में कांग्रेस के नेतृत्व में 28 दलों से मिलकर बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' को वे पहले ही 'घमंडिया' कहते रहे हैं। ऐसा वे चुनावी सभाओं में तो कहते ही आ रहे हैं, उनकी देखा-देखी और उनकी आंखों में चढ़ने के लिये उनके सहयोगी संसद के भीतर होने वाली चर्चा में भी इस शब्द का इस्तेमाल करने लगे हैं। इस सबसे एक कदम आगे बढ़ते हुए मोदी ने सोमवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर एवं मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की रैलियों को सम्बोधित करते हुए नये तीर छोड़े। भोपाल में उन्होंने बताया कि हाल ही में नारी वंदन शक्ति अधिनियम के नाम से पारित महिला आरक्षण विधेयक को कांग्रेस व विपक्ष ने 'खट्टे मन से समर्थन' दिया है। वक्त आने पर वे इससे पीछे हट जायेंगे। उन्होंने कांग्रेस को अपने वादे न निभाने वाली पार्टी बताया और कहा कि इसके विपरीत 'मोदी मतलब गारंटी' है। जयपुर में उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस जंग लगा लोहा है जिसे अब कांग्रेसी नेता नहीं वरन कुछ अर्बन नक्सली चला रहे हैं।'

भाजपा की अपेक्षाओं के विरूद्ध कांग्रेस समेत विपक्ष की मजबूत होती स्थिति के अलावा ऐसे कई अन्य कारण हैं जिनके चलते मोदी की झल्लाहट अपने चरम पर है। जिन सभाओं में मोदी ने ये उद्गार प्रकट किये उन राज्यों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के साथ ही इसी नवम्बर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र व छग में कांग्रेस की जीत तयशुदा बताई जा रही है, तो वहीं राजस्थान में दोनों दलों (कांग्रेस-भाजपा) के बीच कड़ा मुकाबला है। तेलंगाना में भाजपा को लड़ाई से बाहर बताया जा रहा है और वहां मुख्य मुठभेड़ कांग्रेस व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की होगी। चुनावी हार-जीत तो एक तरफ है लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली हर किसी को अपनी बात कहने और विरोधी दलों की मुद्दों पर आधारित आलोचना का हक देती है, परन्तु उसकी मर्यादा होती है। नौ साल तक देश का नेतृत्व करने के बाद भी मोदी अब तक यह नहीं जान पाये हैं कि इस शासन व्यवस्था में सरकार की आलोचना का हक सभी को होता है और सरकार के मुखिया होने के नाते उनका काम स्पष्टीकरण व जवाब देना होता है। इतना ही नहीं, अगर वे कोई बात कहते हैं तो उसे साबित करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। पीएम होने के नाते उन्हें ऐसी कोई भी बात नहीं कहनी चाहिये जो कि विधिसम्मत न हो या वह आधारहीन हो। सरकारी रिकार्ड में 'अर्बन नक्सली' जैसा कोई शब्द नहीं है। वैसे ही जिस प्रकार से 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' नहीं है। मोदी को बतलाना चाहिये कि ये विपक्ष में कौन नक्सली हैं जिन्हें 'कांग्रेस ने अपने नारों और नीति के लिये आउटसोर्स कर दिया है', जैसा कि उन्होंने इसी सभा में कहा है। अगर वे इन नक्सलियों को जानते हैं तो उन पर क्या कार्रवाई की गई है?

वैसे तो अब साफ हो चुका है कि मोदीजी के पास मुद्दों का अभाव होने से और आसन्न चुनावों में भाजपा की पराजय के डर से मोदी वे बातें कहने लगे हैं जो उनके समर्थक कब का बन्द कर चुके हैं। 2014 में जब मोदी पीएम बने थे, तो इस तरह की शब्दावली का खूब इस्तेमाल होता था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, गरीबों-आदिवासी हितों की बात करने वालों और सबसे प्रमुखतया सरकार से सवाल करने वालों को बदनाम करने और उन्हें जेलों में डालने का रास्ता साफ करने के लिये अर्बन नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग, जिहादी आदि विशेषणों का प्रयोग किया जाने लगा जबकि सच्चाई यह है कि ऐसे आरोपों में न तो किसी व्यक्ति को अदालतों में पेश किया गया और न ही इस आधार पर किसी को सजा ही हो सकी है। हां, इसके नाम से उन्हें बदनाम अवश्य किया गया तथा अनेक लोगों को इसकी आड़ में बिना मुकदमा चलाये लम्बे समय तक जेलों में ज़रूर डाला गया है। पार्टी स्तर पर तो इन दांव-पेंचों का इस्तेमाल फिर भी समझ में आता है लेकिन देश के शीर्ष नेता होने के नाते मोदीजी को वही कहना चाहिये जो वे साबित कर सकें और जो सार्वजनिक जीवन की मर्यादा के अनुकूल हो। हालांकि मोदीजी से यह आशा करना बेकार है क्योंकि पिछले 9 साल में वे अमर्यादित व्यवहार का भरपूर प्रदर्शन कर चुके हैं। शुचितापूर्ण आचरण की बार-बार दुहाई देने और स्वयं को लोकतांत्रिक बतलाने का आडम्बर रचने वाले मोदीजी अपने विरोधियों के लिये दीदी ओ दीदी, जर्सी गाय, कांग्रेस की विधवा, खूनी पंजा, 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं। मोदी अपने पार्टी व संसद के सहयोगियों को भी यही आचरण व भाषावली अपनाने की प्रेरणा देते हैं। इसका हालिया दृष्टांत भरी लोकसभा में भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी द्वारा बहुजन समाज पार्टी के दानिश अली के लिये मुल्ला, कटुवा, आतंकवादी जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने और बाहर देख लेने की धमकी देने के बाद भी बचकर निकल जाना है। यह जान लेना कितना कठिन है कि भाजपाईयों के मन में प्रतिपक्ष के लिये ऐसे घृणा भाव का स्रोत व प्रेरणा पुरुष कौन हो सकता है।

बहरहाल, मोदी की गिरती छवि और चुनावी असफलताओं (हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, घोसी आदि) तथा अगले साल के आम चुनावों में पराजय के डर से मोदीजी के मन में जो झल्लाहट भरी हुई है, उसी की प्रतिध्वनि कांग्रेस को घमंडिया, अर्बन नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग कहने के रूप में सुनाई पड़ रही है। फिर भी उन्हें जानना चाहिये कि देश का लोकतंत्र चुनावी हार-जीत या सत्ता पाने-गंवाने की प्रक्रिया से ऊपर व अधिक स्थायी प्रकृति का होता है। तीसरी बार पीएम बनने के चक्कर में उन्हें ऐसा कोई बर्ताव नहीं करना चाहिये जो लोकतांत्रिक रूप से अमर्यादित तो हो ही, उसे अशोभनीय भी कहा जाये। देश की कार्यपालिका के प्रमुख होने के अलावा उनका नैतिक कर्तव्य देश की श्रेष्ठ मर्यादाओं व मूल्यों का अनुपालन करना भी है ताकि देश का लोकतांत्रिक चरित्र बचा रहे। आखिर मोदी जी ही तो भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहते हैं।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं।)

डॉ. दीपक पाचपोर

> **भाजपा की अपेक्षाओं के विरूद्ध कांग्रेस समेत विपक्ष की मजबूत होती स्थिति के अलावा ऐसे कई अन्य कारण हैं जिनके चलते मोदी की झल्लाहट अपने चरम पर है। जिन सभाओं में मोदी ने ये उद्गार प्रकट किये उन राज्यों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के साथ ही इसी नवम्बर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र व छग में कांग्रेस की जीत तयशुदा बताई जा रही है।**

लोकसभा चुनाव फरवरी 2024 से पहले करा सकते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

■ नित्य चक्रवर्ती

पिछले सप्ताह संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद, अनुभवी चुनाव रणनीतिकारों के सहयोग से भाजपा के थिंक-टैंक लोकसभा चुनाव कराने के लिए पार्टी के लिए सबसे उपयुक्त समय निकालने में व्यस्त हैं। चुनाव अगले वर्ष अप्रैल/मई में होने हैं, परन्तु प्रारंभिक अध्ययनों से भाजपा रणनीतिकारों को पता चला है कि चुनाव समय से पहले कराने से भाजपा के हितों की बेहतर पूर्ति होगी, और इसीलिए वे नवंबर-अंत और फरवरी के बीच चुनाव चाहते हैं।

2019 का लोकसभा चुनाव 11 अप्रैल से 19 मई तक सात चरणों में हुआ था। परिणाम 23 मई को घोषित किए गये थे। यदि सामान्य कार्यक्रम का पालन किया जाये तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पास लोकसभा चुनाव कराने के लिए छह महीने से अधिक समय बचा है। चुनाव आयोग अपनी तैयारियों के साथ तैयार है। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए, चुनाव आयोग की योजना मतदान के चरणों की संख्या को पहले के सात से घटाकर अधिकतम पांच या तीन तक लाने की है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद चुनाव आयोग निर्देश जारी कर सकता है।

भाजपा नेतृत्व के लिए चिंता की बात इंडिया गठबंधन की बढ़ती एकजुटता और मुंबई सम्मेलन के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा दिखाया जा रहा आत्मविश्वास है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मीडिया के साथ अपनी नवीनतम बातचीत में उत्साहित दिखे जब उन्होंने कहा कि कांग्रेस मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल करेगी, और राजस्थान में भी जीत जायेगी, जबकि तेलंगाना में भी पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी। तेलंगाना के बारे में राहुल थोड़े आशावादी थे, लेकिन बाकी तीन राज्यों के बारे में वह सही थे।

जहां तक आगामी राज्य विधानसभा चुनावों का सवाल है, दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में चुनाव होने हैं। केवल मध्य प्रदेश में ये जनवरी 2024 में हो सकते हैं। इसलिए सामान्य तौर पर, चुनाव आयोग दिसंबर 2023 तक सभी पांच राज्यों में चुनाव कराना चाहेगा। यदि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होते हैं और भाजपा हिंदी पट्टी से जुड़े तीनों राज्यों को हार जाती है, तो इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस को बड़ी ताकत मिलेगी, जिसका लोकसभा चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। क्या भाजपा इसकी इजाजत दे सकती है? भाजपा थिंक टैंक के एक वर्ग का तर्क है कि लोकसभा चुनाव पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ ही कराये जाने चाहिए।

उनका कहना है कि चंद्रयान-3, जी-20 शिखर सम्मेलन और अब महिला आरक्षण विधेयक से शुरू हुई सफलताओं की श्रृंखला के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को और सरकार को बढ़त दिलाई है। प्रधानमंत्री 50 प्रतिशत मतदाताओं पर नजर रखते हुए महिलाओं के मुद्दों और ओबीसी महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आरएसएस ने अपने कार्यकर्ताओं को महिलाओं के लिए पीएम के इस संदेश को देश के सुदूर इलाकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। दिलचस्प बात यह है कि आरएसएस का अभियान केवल प्रधानमंत्री पर केंद्रित है, भाजपा पर नहीं।

भाजपा थिंक-टैंक खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या पर वर्तमान भारत-केनेडा राजनयिक संकट के प्रभाव को भी ध्यान में रख रहे हैं। प्रधानमंत्री केनेडा के पीएम के आरोपों को नकारने पर अड़े हुए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में बड़ी शक्तियों, यानी अन्य लोगों के बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका के दोहरे मानकों के बारे में बयान दे रहे हैं। कांग्रेस ने भारत सरकार की स्थिति का पूरी तरह से समर्थन किया है, यह जानते हुए कि चाहे कुछ भी हो, अंततः चुनाव से पहले इससे प्रधानमंत्री को राजनीतिक लाभ होगा। लेकिन मामला इतना नाजुक है कि कांग्रेस और अन्य इंडिया घटक सरकार के रुख का समर्थन करते रहेंगे।

नरेंद्र मोदी के लिए यह एक जीत की स्थिति है। यदि केनेडा और उसके पश्चिमी सहयोगी मामले को आगे बढ़ाते हैं, तो पीएम उसका विरोध करते हुए मजबूत रुख अपना सकते हैं, जिससे उन्हें बड़ा समर्थन मिलेगा। मोदी पश्चिमी बड़ी शक्तियों से लड़ते हुए खुद को ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में स्थापित करने की कोशिश करेंगे, जो भारत जैसी प्रमुख शक्ति के उद्भव को बर्दाश्त नहीं कर सकती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन असमंजस में हैं क्योंकि अगर भारत ने अपनी वर्तमान आक्रामकता जारी रखी तो एशिया-प्रशांत में चीन के खिलाफ भारत को सामने लाने की उनकी अच्छी तरह से तैयार की गई नीति संकट में होगी।

दूसरी ओर, यदि फाइव-आइज वाली शक्तियां (संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और निश्चित रूप से, केनेडा) स्वर को नरम करती हैं और भारत को अपेक्षित ट्रैक पर रखने के लिए किसी प्रकार की समझ बनाती हैं, तो पीएम खुद को सही ठहरायेंगे, जबकि भाजपा के ढोल-नगाड़े बजाने वाले और कॉरपोरेट मीडिया नरेंद्र मोदी को एक ऐसे ईश्वरीय अवतार के रूप में पेश करेंगे, जिसने पश्चिम के राक्षसों को एक पवित्र युद्ध में हरा दिया है। किसी भी तरह से, यह मोदी के लिए फायदेमंद है। इंडिया गठबंधन के घटक केवल दूर से देख रहे हैं।

इसलिए यह वर्ग चाहता है कि यदि लोकसभा चुनाव राज्य विधानसभा चुनावों के साथ कराये जाएं तो प्रधानमंत्री के पास अब उपलब्ध इन सभी लाभों का फायदा उठाया जा सकता है। इन विश्लेषकों को यकीन है कि अगर चुनाव हुए तो नरेंद्र मोदी की छवि और स्वीकार्यता राज्य विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों के नतीजों को प्रभावित करेगी।

इसके विपरीत, एक मजबूत प्रतिवाद यह है कि लोकसभा चुनाव जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में, संभवतः 22 जनवरी को, अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद ही हो सकते हैं। संघ परिवार के नेताओं को लग रहा है कि प्रधानमंत्री की अन्य हालिया उपलब्धियों के साथ-साथ इस उद्घाटन का हिंदू समुदाय पर उत्प्रेरक प्रभाव पड़ेगा और यह भाजपा की ओर से मतदाताओं के लिए सबसे मजबूत अपील होगी। इसलिए, यह वर्ग चाहता है कि लोकसभा चुनाव तभी हो जब संघ परिवार के कार्यकर्ता प्रचार में हिंदुत्व के मुद्दे का पूरा उपयोग करें। यदि लोकसभा चुनाव फरवरी में होते हैं, तो भाजपा को 2019 के चुनाव घोषणापत्र में प्रधानमंत्री द्वारा वायदा किये गये हिंदुत्व पर सभी प्रमुख प्रतिबद्धताओं का पूरा लाभ मिलेगा। स्वाभाविक रूप से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही अंतिम निर्णय लेंगे। इंडिया गठबंधन के घटक दलों को लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए, चाहे यह इस साल नवंबर में हो, या फरवरी में हो, या अप्रैल/मई 2024 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो। कांग्रेस नेतृत्व को राज्यों में सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू करने के लिए राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार नहीं करना चाहिए। उन्हें अभी प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, क्योंकि अनेक राज्यों में इसमें काफी समय लगेगा। यदि अचानक लोकसभा चुनावों की घोषणा हो जाती है तो इंडिया गठबंधन स्वयं को बिना तैयारी के न पायें। 2004 में, एनडीए-1 सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी सरकार के 'इंडिया शाइनिंग' प्रचार को ध्यान में रखते हुए लोकसभा चुनाव को पांच महीने के लिए आगे बढ़ा दिया था। सभी उम्मीदों पर पानी फेरते हुए एनडीए को हार का सामना करना पड़ा और यूपीए ने नयी सरकार बनाई। भारत के लिए, 2004 का यह उदाहरण महत्वपूर्ण सबक देता है। राष्ट्रीय स्तर पर केवल बड़ा प्रचार पर्याप्त नहीं है।

> **आगामी राज्य विधानसभा चुनावों का सवाल है, दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में चुनाव होने हैं। केवल मध्य प्रदेश में ये जनवरी 2024 में हो सकते हैं। इसलिए सामान्य तौर पर, चुनाव आयोग दिसंबर 2023 तक सभी पांच राज्यों में चुनाव कराना चाहेगा। यदि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होते हैं और भाजपा हिंदी पट्टी से जुड़े तीनों राज्यों को हार जाती है, तो इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस को बड़ी ताकत मिलेगी, जिसका लोकसभा चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।**

पावन प्रसंग

सिद्धांतों से समझौता न करें

जीवन का अपना सिद्धांत होता है, मूल्य होता है। इस सिद्धांत के कारण ही सामान्य इंसान में दिव्य गुण विकसित होते हैं। मूल्यों के अभाव में इंसान पशुतुल्य हो जाता है। प्रत्येक परमाणु, अणु और तत्व से लेकर जड़-चेतन आदि सभी के अपने-अपने सिद्धांत हैं। इन्हीं सिद्धातों के कारण ही वे अपनी मौलिकता को बरकरार रखते हुए अपना प्रभाव दिखाते हैं और अपना अस्तित्व व औचित्य-सिद्ध कर सकने की एक प्रभावशाली सामर्थ्य रखते हैं। यही वजह है कि इंसानों को छोड़कर किसी प्राणी, वस्तु, तत्व या मिश्रण के गुण-धर्म और उसके प्रभावों की शत-प्रतिशत सत्य एवं सटीक व्याख्या की जा सकती है। एक इंसान ही इस धरती पर ऐसा जीव है, जो पैदा होने से लेकर केवल समझदार होने तक अपनी आत्मस्थिति और मौलिकता में शुद्ध बुद्ध रहता है और इंसानी खाल एवं खोल में बना रहता है।

जरा सा समझदार हो जाने के बाद वह जीवन भर के लिए इंसानियत से मुक्त हो जाता है और कहीं भी कुछ भी करने-करवाने की स्थिति में आ जाता है। जैसे-जैसे वह संसार में आसक्त होने लगता है; वैसे-वैसे उसके भीतर का मनुष्यत्य पलायन करने लगता है, मौलिकता का क्षरण शुरु हो जाता है, मानवता के क्षरण के सारे रास्ते खुल जाते हैं और उसकी जगह उसके भीतर वह सब कुछ भरना शुरु हो जात है, जिसे इंसानियत का धुर-विरोधी माना जाता है।

एक इंसान तभी तक इंसान बना रह सकता है, जब तक उसके भीतर इंसान होने का गुण धर्म सहेजने वाली मौलिकता है। यही कारण है कि पूरी दुनिया में इंसान की मनोवृत्ति के अनुरूप काफी श्रेणियां हो गई हैं। बहुत कम संख्या में लोग हैं, जो पूरी जिंदगी अपने मानवीय गुण-धर्म को बचाए रख पाते हैं। अधिकांश लोग देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप अपने स्वार्थ और अहंकार को तवज्जो देते हुए हर सांचे में ढल जाया करते हैं। बहुत सारे ऐसे हैं, जो अपने भीतर की इंसानियत को परे धकेलकर शैतानियत को अपना लेते हैं और जमाने भर के लिए मरते दम तक नासूर बने रहते हैं। इंसान के रूप में पैदा होना जितना सरल है, जीवन भर के लिए इंसानियत को सहेजकर रखना और मानवीय उसूलों पर चलना उतना ही दुष्कर है।

ईश्वरीय अनुकंपा और पूर्वजन्म के संस्कारों के साथ ही वंशानुगत चारित्रिक आनुवांशिक गुणों के होने पर ही इंसान अपने आप को इंसान के रूप में प्रकट कर सकता है अन्यथा बहुत सारे लोगों को हम रोजाना ऐसे देखते हैं, जो कि ऐसे सज-धजकर निकलते हैं ऐसी लच्छेदार और लुभावनी बातें करते हैं कि लगता है जैसे इनके मुकाबले कोई महान इंसान मिलना संभव ही नहीं है, लेकिन जब-जब इनके इंसानी गुण धर्म की खोज करते हैं तब हमें घोर निराशा हाथ लगती है।

आजकल जो जैसा दिखता-दिखाता है, वैसा होता नहीं है। अधिकांश लोग अंदर-बाहर में जमीन-आसमान के अंतर भरे होते हैं। यह स्थिति तथाकथित कुलीन लोगों का आभूषण हो गई है, जिसके सहारे वे दुनिया भर में अपने आप को श्रेष्ठतम और महान सिद्ध करते रहने के सारे यत्न करते रहते हैं। वे लोगों को भ्रमित करने के तमाम हथकंडों का सहारा लेते हुए बहुरूपियों और स्वांगियों तक को पीछे छोड़ देने के करिश्माई करतब दिखाते रहते हैं। असल में देखा जाए तो पूरी दुनिया के इंसान को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है- सिद्धांतहीन और सिद्धांतवादी। केवल एक सिद्धांत है, जो इंसान को इंसान बनाए रखकर धरती के संचालन में मददगार होता है। सिद्धांतहीन मनुष्य मानवता के लिए अभिशाप है और जगत के लिए घातक भी, क्योंकि इनकी पूरी जिंदगी स्वार्थ को समर्पित होती है। स्वार्थ पूरे करने के लिए ये लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं, अपने कद को ऊंचा दिखाने के लिए किसी को भी गिरा सकते हैं और खुद को ऊंचा उठाने के लिए किसी भी सीमा तक गिर भी सकते हैं।

युग निर्माण योजना

आपके पत्र

विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों का षड्यंत्र दुर्भाग्यपूर्ण

भारत कई वर्षो से आतताइयों से लोहा ले रहा है। विदेशी आतताइयों ने भारत को छिन्न-भिन्न करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर हमला किया। अंग्रेजों ने जाते-जाते अलगाववाद के बीज बोए। भारत में और भारत के बाहर भारत के खिलाफ आज भी षड्यंत्र पूर्वक कार्य जोरों से चल रहा है। आईएसआई ने खालिस्तानियों को पनाहगाह बनाकर भारत में आतंकी साजिश रच रहे हैं। कनाडा के राष्ट्रपति ट्रूडो ने कनाडा में सिख फ़ॉर जस्टिन को आंतरिक और बाह्य समर्थन कर रहे है। कनाडा के संरक्षण मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत पर लगाए आरोप विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों का षड्यंत्र दुर्भाग्यपूर्ण

भारत एक हजार वर्ष से आतताइयों से लोहा ले रहा है।विदेशी आतताइयों ने भारत को छिन्न भिन्न करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर हमला किया।अंग्रेजो ने जाते जाते अलगाववाद के बीज बोए।भारत में और भारत के बाहर भारत के खिलाफ आज भी षड्यंत्रपूर्वक कार्य जोरों से चल रहा है। आईएसआई ने खालिस्तानियों को पनाहगाह बनाकर भारत मे आतंकी साजिश रच रहे है। कनाडा के राष्ट्रपति ट्रुडो ने कनाडा में सिख फ़ॉर जस्टिन को आंतरिक और बाह्य समर्थन कर रहे हैं। कनाडा के संरक्षण मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण है। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो ने भारत पर लगाए आरोप बेबुनियाद और आघातजनक है। खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू कनाडा में रहकर भारत-विरोधी षड्यंत्र रच रहा है। गुरपतवंत सिंह की पंजाब में पूरी संपति सरकार ने जब्त कर ली है। इस घटना के बाद भी उसके तेवर ढीले नहीं हुए हैं। कनाडा में मन्दिरों पर हमला करने वाले आतंकी और ख़ालिस्तान के झण्डे लहराकर भारत को धमकी दे रहे हैं। वहीं ट्रूडो अपने राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हुए हैं। भारत से कनाडा को दुश्मनी महंगी पड़ेगी। भारत केवल दाल आयात करता है लेकिन भारत अरबों डॉलर के हीरे-जवाहरात और धातु कनाडा को निर्यात कर रहा है। 10 ट्रिलियन जितना व्यापार करने वाले भारत के खिलाफ

बेतवा- पार्वती अंचल

सार-समाचार

एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गंजबासौदा, देशबन्धु। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ ने एक ज्ञापन एसडीएम विजय राय को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री आवास पर मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के समस्त अधिवक्ता एवं अन्य अधिवक्ता संघों की वकील पंचायत में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू की मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल नहीं किया जा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए।

स्वावलंबी भारत अभियानः स्कूल में हुआ उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम

सिरोंज, देशबन्धु। स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम नगर के बृज मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें युवाओं को नौकरी की चिंता न करते हुए स्वयं का रोजगार, उद्योग, कुटीर उद्योग, की जानकारी अभियान की सह समन्वयक नेहा पाराशर ने दी। कहा कि भारत के युवा को नौकरी देने वाला बनना है हम सबको आत्मनिर्भर भारत बनाना है। भारत हमेशा स्वावलंबन की दिशा में हमेशा अग्रणी रहा है भारत हमारा सर्वाधिक युवाओं का देश है इस कारण हम सभी को स्वयं का स्टार्टअप प्रारंभ करना चाहिए। हमको हमारे क्षेत्र के छोटे-छोटे उद्योगों को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा की हम सभी को स्वदेशी वस्तु ही खरीदना है ,जिससे कि वह वस्तु हमको कम दामों में अच्छी सामग्री प्राप्त हो सके, और हमारे देश की ही वस्तु हमारे देश में बिके जिससे कि हमारा पैसा हमारे देश में रहे। अभियान के पूर्णकालिक तरुण यादव ने कहा की यदि देश की बढ़ती हुई जनसंख्या बेरोजगारी का कारण है ,तो चीन और अमेरिका के लोग बेरोजगार क्यों नहीं? हमारे देश में पढ़े-लिखों की संख्या अधिक है लेकिन पढ़े-लिखे लड़के बेरोजगार हैं क्योंकि पढ़ा लिखा युवा अपनी डिग्रियां लेकर नौकरी की ओर घूम रहा है। इस कारण से हम सभी को आज से संकल्प लेना होगा कि हमें नौकर नहीं नौकरी देने वाला बनना है।

नगर से एनएसयूआई पदाधिकारी भोपाल पहुंचे

सिरोंज, देशबन्धु। एन एस यू आई का प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को भविष्य की बात कमलनाथ के साथ प्रथम वोट कांग्रेस अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नगर से एन एस यू आई कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे। जिसमें एनएसयूआई कांग्रेस जिला महासचिव निखिल यादव, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष समीर कुरैशी, अभिषेक राजपूत, आदि कार्यकर्ता गण शामिल रहे।

जनजातियों के लिए योजना

रायसेन, देशबन्धु। प्रदेश में विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध-घुमंतु जनजातियों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिये अम्ब्रेला स्कीम तैयार की गई है। स्कीम के जरिये 5 वर्ष में 200 करोड़ रूपये की राशि खर्च की जा रही है।

विधानसभा आम निर्वाचन के संबंध में हुई बैठक

जो दायित्व सौंपे है उसका गंभीरता से निर्वहन करें अधिकारी: कलेक्टर

रायसेन, देशबन्धु। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर दुबे ने रिटर्निंग अधिकारियों, जिला अधिकारियों, एसडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विधानसभा निर्वाचन कार्य स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारू और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराना है। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए निर्वाचन संबंधी कार्य सम्पादित किए जाएं। अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी जो दायित्व सौंपे गए हैं उनका पूरी गंभीरता और निष्ठा से निर्वहन किया जाए।

कलेक्टर श्री दुबे ने जिला परिवहन अधिकारी को मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रभावी करने और बिना अनुमति के प्रचार वाहनों की पहचान कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने संबंधी निर्देश दिए। आबकारी विभाग को अवैध शराब के उत्पादन और विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण करना, डिसलरीज, बॉटलिंग प्लांट, गोदाम और शराब की दुकानों की जिलेवार सूची तैयार कर आयोग को प्रेषित करने, शराब के उत्पादन तथा भण्डारण केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करना, चेक पोस्ट कायम करना तथा शराब विक्रेताओं के रजिस्टर्स की नियमित जांच किए जाने के निर्देश दिए गए। निर्वाचन व्यय को मॉनीटर करने वाले दलों के गठन से लेकर उनके दायित्वों, व्यय प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक, उड़न दस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दलों आदि के संबंध में भी चर्चा कर निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल ने कहा कि निर्वाचन के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग तत्पर है। जिले में प्रमुख मार्गो पर चेक पोस्ट बनाए जा रहे हैं। साथ ही अंर्तजिला चेकपोस्ट भी चिन्हित किए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग द्वारा अधिकारियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, मतदान के 48 घण्टे पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, पुस्तिकाओं-पोस्टर्स आदि के मुद्रण पर निर्बंधन, मतदान की गोपनीयता को बनाए रखना, मतदान केन्द्रों में या उनके निकट मत संचायना का प्रतिषेध, मतदान केन्द्रों के अवचार के लिए शास्ति सहित अन्य अधिनियमों तथा दिशा-निर्देशों के बारे में अवगत कराया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, डीएफओ रायसेन विजय कुमार, डीएफओ औबेदुल्लागंज, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

एनएसएस दिवस को लेकर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

सिरोंज, देशबन्धु। केडीबीएम महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सँस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । भारत माँ और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के स्वागत गीत के साथ हुई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सजंय नागवंशी उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से स्वयं का एवं समाज का विकास स्वयंसेवक के रूप में किस तरीके से किया जाता है और युवा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका किस तरीके से ज्यादा कर सकते हैं। सभी देशों के निर्माण में युवाओं का सबसे बड़ा योगदान होता है। आज हमारे देश में करीब 65 फीसदी जनसंख्या युवाओं की है, जिनके कंधों पर ही देश की जिम्मेदारी है, और ये युवा देश के विकास में अपनी भूमिका निभा भी रहे हैं। देश निर्माण में युवाओं की भूमिका बढ़ाने और उन्हें देश के साथ जोड़ने का सबसे पहला प्रयास महात्मा गांधी ने आजादी के पहले ही शुरू कर दिया था। आजादी के समय गांधी जी ने युवाओं को राष्ट्रीय सेवा से जोड़ने पर विशेष बल दिया था ।विशिष्ट अतिथि के रूप में कपिल मैना राष्ट्रीय सेवा योजना आरडीसी कैंपर पूर्व स्वयंसेवक है इन्होंने 25 वर्ष पूर्व सन 1999 में दिल्ली 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस पर दिल्ली राजपथ पर परेड में जिला विदिशा का प्रतिनिधित्व कर जिला नाम गोरनवित किया पूर्व स्वंयसेवक के रूप में सभी कार्यक्रम अतिथियों ने कपिल मैना का स्वागत किया। कार्यक्रम में नायब तेहसीलदार विवेक अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थित रहे साथ ही केडीबीएम ग्रुप के चेयरपर्सन आनंद त्यागी ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में राष्ट्र एवं समाज के प्रति सेवा भाव पैदा करता है। उन्होंने कहा कि देश में जब भी कोई प्राकृतिक आपदा,संकट या महामारी में एनएसएस वॉलिंटियर्स पूर्ण समर्पित भाव से सेवा करते हैं।

गणेश की अथाई ज्योतिषी परिवार ने किया विमानों की पूजा अर्चना

सिरोंज, देशबन्धु। डोल ग्यारस उत्सव नगर में परंपरागत रूप से मनाया गया। जल झुलनी एकादशी के इस अवसर पर नगर के सभी समाजों के प्राचीन मंदिरों में विराजे ठाकुरजी को डोला रूपी विमान में बैठाकर मंदिर समिति के सदस्य जल विहार को लेकर धूमधाम के साथ निकले। इस अवसर पर नगर के प्राचीनतम श्री गणेश मंदिर गणेश की अथाई पर भी विशेष तैयारियां की गई थी। इसी मार्ग से पंचकुइयां स्थित कैथन नदी पर जल बिहार को डोले में बैठकर निकल रहे भगवान की गणेश की अथाई के ज्योतिषी परिवार के आचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा एवं विधायक उमाकान्त शर्मा ने परिवार के साथ अपने घर पर पूजा अर्चना आरती एवं प्रसादी अर्पित की। इस दौरान ज्योतिषी परिवार की तरफ से परंपरागत रूप से दर्शनों को उमड़े श्रद्धालुओं और डोला समिति में शामिल समूचे श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा से स्वागत करते हुए खीर की प्रसादी भी वितरित की। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा पंचकुइया घाट पर भी पहुंचे।

शांतिसागर महाराज के जीवन चरित्र पर नाट्य प्रस्तुति

गंजबासौदा, देशबन्धु। स्थानीय महावीर विहार में जैन धर्म के 20वीं सदी के सबसे महान संत चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांति सागर महाराज के जीवन चरित्र का दो दिवसीय नाट्य रूपांतरण आयोजित किया गया। पर्यूषण पर्व के मध्य प्रतिदिन महावीर विहार में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम की श्रृंखला में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन महिला समिति के तत्वाधान में आचार्य श्री के जीवन चरित्र पर आधारित दो दिवसीय नाटय रूपांतरण का आयोजन किया गया। इस नाट्य रूपांतरण में चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांति सागर जी महाराज की जन्म से लेकर दीक्षा तक और दीक्षा से लेकर समाधि तक का रूपांतरण नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। उपस्थित जन समूह ने एकाग्र होकर आयोजन का लाभ उठाया। आगामी 27 सितंबर को रात्रि 9 बजे से जैन तंबोला का आयोजन महिला समिति द्वारा आयोजित किया जाएगा।

ग्रेसिम के पूर्व अधिभोगी पर एक लाख का अर्थदंड

उद्योग में एक दुर्घटना में श्रमिक की मौत पर अदालत का निर्णय

नागदा, देशबन्धु। उज्जैन जिले के औद्योगिक शहर नागदा में संचालित ग्रेसिम केमिकल डिवीजन में एक दुर्घटना मे श्रमिक की मौत पर सीजेएम न्यायलय उज्जैन ने तत्कालीन कारखाना अधिभोगी शैलेंद्र कुमार जैन एवं वर्तमान प्रबंधक प्रेमकुमार तिवारी पर एक-एक लाख रूपए का अर्थदंड करने का आदेश दिया। दंड की राशि जमा नहीं करने पर 6-6 माह का साधारण कारावास की सजा सुनाई। मृतक श्रमिक विक्रमसिंह पिता अमरसिंह की पत्नी विधा कुंवर को बतौर प्रतिकर डेढ लाख की राशि अदा करने का भी आदेश दिया। न्यायलय में यह परिवाद औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग उज्जैन ने दायर किया था। निर्णय के प्रमाण सुरक्षित है। साथ ही विभाग के निरीक्षक हिमांशु सालोमन से संपर्क करने पर उन्होंने दोनों प्रबेंधक पर एक-एक लाख के जुर्माने की पुष्टि की है।

यह है मामलाः अदालत के निर्णय के मुताबिक ग्रेसिम केमिकल डिवीजन में कार्य के दौरान श्रमिक विक्रमसिंह 9 नवंबर 2022 को एक दुर्घटना में झूलस गया था। जिसको गंभीर हालत में ग्रेसिम जनसेवा चिकित्सालय ले जाया गया। बाद में इंदौर के एक निजी अस्पताल टी चौइथराम में भर्ती किया गया। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जांच के बाद औधोगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने मप्र कारखान नियमावली 1962 के नियम 73 (ई) उल्लघंन के आरोप में मप्र कारखाना अधिनियम की धारा 1948 की धारा 92 के तहत प्रकरण अदालत मे पंजीबद्ध कराया था। न्यायलय ने इस प्रकार की दुर्घटना की पुनरावृति को रोकने के लिए उद्योग में उचित सुधार करने के भी आदेश दिए। गौरतलब हैकि एक आरोपी शैलेंद्र कुमार जैन ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है जबकि दूसरे प्रबंधक प्रेम तिवारी वर्तमान में कार्यरत है।

जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का किया गया निराकरण

रायसेन, देशबन्धु। कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई में आयोजित कर नागरिकों की व्यक्तिगत एवं जनसमस्याओं का निराकरण किया जाता है। इसी क्रम में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे द्वारा जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। उन्होंने कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जो आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश आवेदन प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड, आर्थिक सहायता, अतिक्रमण तथा विद्युत समस्या से संबंधित थे। जनसुनवाई में अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सुपोषित भारत ,समर्थ भारत अभियानः सेवा भारती स्वयं सेवकों ने वाहन रैली निकाली

रायसेन, देशबन्धु। सुपोषित भारत एवं समर्थ भारत अभियान के तहत सेवा भारती स्वयं सेवकों द्वारा संस्कार भवन, रामलीला मैदान से वाहन रैली निकाली गई। यह वाहन रैली गली- मोहल्लों और शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पाटन देव हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई । रैली में स्वयं सेवकों द्वारा जनजागृति का संदेश देते हुए स्वस्थ-भारत, समृद्ध-भारत, सच्चा-सुख निरोगी-काया के नारे लगाते हुए माता, बहनों और बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। वाहन रैली में राहुल परमार, नारायण कुशवाह , चन्द्रशेखर शर्मा, कैलाश ठाकुर, राजेन्द्र दांगी, सन्तोष लोधी, चिमन कुशवाह , जगदीश रैकवार, शिवराज, सन्तोष यादव , अरुण मिरोठा, अमन शर्मा, दीपक मालवीय,विकास चौहान, सुनील साहू , हर्षित खत्री ,यश मालवीय शामिल हुए।

हत्या का मामला षडयंत्र पूर्वक दर्ज कराने का आरोप

पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

मुरैना, देशबन्धु। सिविल लाइन थाना अंतर्गत मुरैना गांव में 19 सितंबर को रामवती महिला की गला घोटकर हत्या किए जाने के मामले में पीड़ित आरोपी पक्ष के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर बताया कि षडयंत्र पूर्वक बृजेश राठौर द्वारा केदार व दो अन्य लोगों पर हत्या का मामला दर्ज कराया गया है, जबकि महिला की मौत हार्ट अटैक जैसी बीमारी से हुई है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को तमाम बिंदुओं पर जांच कराने की अपील की है। पीड़ित फरियादी केदार प्रजापति ने समाज के लोगों के साथ मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर बताया कि 19 सितंबर की शाम 6 बजे उनके परिवार के लडक़े ट्रैक्टर बैक कर रहे थे, जिससे महिला रामवती 75 वर्ष के चबूतरे पर रखी पटिया टूट गई तथा मारपीट वगैरा की कोई घटना घटित नहीं हुई है। वृद्ध महिला घर में ही रहती थी और उससे कोई विवाद नहीं हुआ है। उम्र के हिसाब से बीमारियां होने के कारण महिला अस्वस्थ चल रही थी तथा बृजेंद्र राठौर एवं उसके परिवार के लोग उसे गणेशी अस्पताल ले गए थे, जहां उपचार के दौरान मौत हो गइ। पीड़ित केदार प्रजापति ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन में मांग की है कि उक्त दिनांक के सीसीटीवी फुटेज अस्पताल एवं बैरियर चौराहे तक के निकाले जा सकते हैं। बृजेश राठौर द्वारा षडयंत्र पूर्वक 302 में उसके परिवार को फंसाया गया है। उन्होंने पुलिस

लाठी-फर्सा से हमला करने वाले को 6-6 माह का सश्रम कारावास

मुरैना, देशबन्धु। न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील जौरा जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण छविराम पुत्र उदयराज धाकड, माधौसिंह पुत्र लोहरेराम धाकड, किशनपाल पुत्र सियाराम धाकड, माखनलाल पुत्र हरीराम धाकड निवासीगण मनोहर पुरा थाना पहाडगढ को भारतीय दण्ड विधान की धारा 323/34, 324/34 में दोषी पाते हुये 06-06 माह के सश्रम कारावास व 700-700 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना 27 सितंबर 2014 को समय करीब 10 बजे फरियादी विजय सिंह धाकड़ व उसकी पत्नी खेत से घास लेने जा रहे थे, तभी माधौसिंह बोला कि लुगाई मंगलसूत्र पहनेगी, इसी बात पर उसकी पत्नी कमला ने कहा कि उसने उसकी चोरी की है। इसी बात पर आरोपी माधौसिंह मां बहिन की गंदी-गंदी गालियां देने लगा। जब तक आरोपीगण छविराम, किशनपाल, माखन लाठी फर्सा लेकर आ गए और माधौसिंह ने विजय सिंह को लाठी मारी जो उसके कमर में लगी, छविराम ने फर्सा मारा जिससे कमल घायल हो गई।

15 वर्ष पुराने शासकीय गबन मामले में 7 साल की जेल

पौने 7 लाख का जुर्माना

मुरैना, देशबन्धु। शासकीय राशि हडपने वाले कार्यालय जिला अन्त्यवसायी में पदस्थ पूर्व कार्यपालन अधिकारी ओ.पी. जारौलिया को न्यायालय रामजी गुप्ता विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मुरैना ने भ्रष्टाचार के मामले में कुल 7 वर्ष की सजा एवं पौने सात लाख रूपये जुर्माना लगाया। प्रकरण में जिला अभियोजन अधिकारी रोशनलाल छापरिया के निर्देशन में पैरवी विशेष लोक अभियोजक/सहायक जिला अभियोजन अधिकारी निर्मल कुमार अग्रवाल द्वारा की गई।

मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) रश्मि अग्रवाल ने बताया कि ओ.पी. जारौलिया वर्ष 2008-09 के आसपास जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मुरैना में कार्यपालन अधिकारी के पद पर लोकसेवक के रूप में पदस्थ रहते हुए, उक्त अवधि में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा वित्त पोषित योजना के अंतर्गत शासकीय नियमानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित न करते हुए तथा म.प्र. शासन द्वारा गठित चयन समिति अनुसार हितग्राहियों का चयन न करते हुए बिना स्थल निरीक्षण किए एवं दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन एवं परीक्षण किए बिना कूटरचित दस्तावेज जाति, आय, निवासी प्रमाणपत्र के आधार पर उनकी नस्तियों में अन्य व्यक्तियों की चैकबुक संलग्न कर हितग्राहियों के नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर अस्तित्वहीन व्यक्ति के नाम से उक्त कूटरचित दस्तावेजों को यह जानते हुए कि वह कूटरचित हैं, उन्हें असली में प्रयोग कर ऋण स्वीकृत कर कूटरचित दस्तावेजों को अपने आधिपत्य में रखकर हितग्राहियों के नाम से दस्तावेजों में ऋण दिया जाना दर्शित कर लेखा अभिलेखों में गलत प्रविष्टि कर स्वयं को लाभ एवं शासन को हानि पहुंचाई। हितग्राही द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर बताया गया कि उन्हें ओ.पी. जारौलिया द्वारा जारी लोन की कुछ/कोई राशि नहीं मिली है, जिसकी जांच तत्कालीन कलेक्टर एम.के. अग्रवाल द्वारा भी कराई गई थी एवं लोकायुक्त वालों ने प्रकरण दर्ज कर प्रकरण में अनुसंधान किया था और मुरैना न्यायालय में परिवाद पेश किया था। जिसमें विभाग के कई अधिकारी, बैंक अधिकारी, तहसीलदार सहित जांच अधिकारी व लोकायुक्त अधिकारी एवं हितग्राहियों के बयान न्यायालय में हुए थे। इस प्रकरण में सूचनाकर्ता सुमन इंदौरिया न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होकर उसके द्वारा इस प्रकरण के संबंध में लोकायुक्त को सूचना दिए जाने से तथा उसके द्वारा कोई कार्यवाही किए जाने के संबंध में असत्य कथन दिया गया था। जिस कारण विशेष न्यायालय ने सूचनकर्ता सुमन इंदौरिया के विरूद्ध धारा 193 भारतीय दंड संहिता के तहत क्षेत्राधिकार रखने वाले न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष कार्यवाही किए जाने हेतु परिवाद प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया है तथा नोटरी अधिवक्ता ओमप्रकाश पाठक द्वारा उनके द्वारा सत्यापित किए गए दस्तावेजों में कुछ प्रविष्टियां रिक्त होने के उपरांत भी उसे नोटरी किए जाने से उचित कार्यवाही हेतु प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी कार्य विभाग म.प्र. शासन भोपाल को भेजने का निर्देश दिया है। पैरवीकर्ता अभियोजन अधिकारी विशेष लोक अभियोजक निर्मल कुमार अग्रवाल द्वारा तर्क प्रस्तुत करते हुए न्यायालय को अवगत कराया कि ओ.पी. जारौलिया के विरूद्ध इसी तरह के अपराध से संबंधित 06 अन्य प्रकरण लंबित थे, जिसमें एक माह पूर्व एक प्रकरण में सजा हुई है तथा उसके द्वारा करोड़ो रूपए का घोटाला कर शासन को हानि पहुंचाई गई है। जिस पर न्यायालय द्वारा ओ.पी. जारौलिया उर्फ ओमप्रकाश जारौलिया को भा.द.वि एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कुल 07 वर्ष की सजा एवं पौने सात लाख रूपये जुर्माना लगाया।

ताप्ती तीरे

सार समाचार

आदेश खुशी में संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने चढ़ाए लड्डू और मोदक

चिचोली, देशबन्धु। मुख्यमंत्री द्वारा महापंचायत में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए की घोषणा पर अमल करते हुए सोमवार को एनएचएम द्वारा राज्य शासन के समकक्ष नियमित पदों के न्यूनतम वेतनमान का 100 प्रतिशत दिए जाने के आदेश पारित किए जाने से संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों में हर्ष की लहर व्याप्त है। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भगवान गणेश और शिव दरबार में लड्डू और मोदक का भोग लगाकर हर्ष व्यक्त किया,चूंकि संविदा आंदोलनों की शुरुआत श्रीगणेश और चिकित्सालय परिसर में स्थापित शिवजी को अर्जी लगाकर की गई थी।

पटवारी संघ का प्रदर्शन जारी, भीमसेना ने दिया समर्थन

बैतूल, देशबन्धु। जिले भर के पटवारी अपनी मांगों को लेकर लगातार हड़ताल पर डटे हुए हैं। मगंलवार को भीमसेना संगठन ने पटवारी संघ के धरना प्रदर्शन को समर्थन दिया। भीमसेना के जिला अध्यक्ष सोनू मासोदकर ने कहा कि पटवारी संघ पिछले कई दिनों से अपनी मांगों के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि पटवारी शासन और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। किसान और जनता के हित में मध्य प्रदेश शासन को पटवारी की मांगों का निराकरण करना चाहिए। इस दौरान भीमसेना संगठन के प्रदेश प्रभारी पंकज अतुलकर, मेजर विनोद यादव, सैय्यद अलीमुद्दीन, दीपक गायकवाड़, अंकित कापसे, नाजिद खान, मुजाहिद अली, सुनील अतुलकर, सागर कटकवार, हरभजन बग्गा, सौरभ मासोदकर, रोहित सूर्यवंशी, सावन गुजरे उपस्थित रहे।

जुआ खेलने वालों पर पूरी रात लगा रहा पुलिस का पहरा

मुलताई, देशबन्धु। निकटतम ग्राम सावरी में पूरी रात पुलिस का पहरा लगा रहा और प्रतिवर्ष अनुसार डोल ग्यारस पर होने वाला क्षेत्र का सबसे बड़ा जुआ नहीं हो सका। इस दिन यहां दूर-दूर से लोग जुआ खेलने भी आते थे, जिसे देखते हुए सोमवार रात यहां पुलिस बल तैनात किया गया। साथ ही पुलिस ने अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया। बताया जा रहा है कि कुछ संगठनों ने ज्ञापन सौपकर जुआ चलने की सूचना पुलिस को दी गई थी, जिसके बाद टीआई प्रज्ञा शर्मा सहित पुलिस टीम ने यहां ऐसा बंदोबस्त किया कि रात में यहां जुआ नहीं चल पाया, जिसकी ग्रामीण भी प्रशंसा कर रहे हैं। बाहर से सैकड़ो की संख्या में लोग आकर गांव के खेल मैदान पर जुआ खेलते थे, जिससे ग्रामीण भी परेशान थे, जिसको लेकर पुलिस ने रात में यहां बल तैनात कर अनैतिक गतिविधिया नहीं चलने दी गई। टी प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि दुनावा चौकी प्रभारी नीरज खरे सहित संदीप परतेति और पूरी टीम को यहां तैनात किया गया था, वही दिन में ग्रामीणों के साथ बैठक कर इस संबंध में चर्चा कर ली गई थी, जिसमें ग्रामीणों ने भी पूरा सहयोग किया है। ग्रामीण नारायण वैष्णो ने बताया कि गांव का रामडोल जितना प्रसिद्ध था, उतना ही गांव के मैदान में चलने वाला जुआ भी दूर तक जाना जाता था, जिससे ग्रामीण शर्म महसूस करते थे। लेकिन पहली बार पुलिस ने जुआ नहीं चलने दिया।

मुलताई को जिला बनाने फिर शुरू हुआ आमरण अनशन

▶ **ताप्ती दर्शन के साथ प्रारंभ किया अनशन**

मुलताई, देशबन्धु। मुलतापी जिला बनाओ संघर्ष समिति के दो साथियों ने एक बार फिर से बस स्टैंड शहिद किसान स्तंभ पर आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया है। मां ताप्ती की पूजा अर्चना के साथ इस बार संघर्ष समिति के जनार्दन पाटील और संदीप कामडी ने आमरण अनशन प्रारंभ किया है। इसके पहले मोहन सिंह परिहार आमरण अनशन पर बैठे थे, जिन्होंने कृषि मंत्री कमल पटेल के आश्वासन के बाद उनके हाथ से जूस पीकर अनशन समाप्त कर दिया था । संघर्ष समिति के लोकेश यादव ने बताया कि संघर्ष समिति ने कहां है कि आश्वासन के बावजूद जिला बनाने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण हमें फिर से आमरण अनशन करना पड़ रहा है और अब पुन: चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई है। जिसके प्रथम चरण में ताप्ती सरोवर में जल सत्याग्रह किया गया। इसके उपरांत समिति के संदीप कामडी एवं जनार्दन पाटील ने आमरण अनशन प्रारंभ किया है। इसके उपरांत समितियो का गठन कर हर वार्ड हर घर और ग्रामों में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। आमरण अनशन की सूचना के बाद ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिनव शुक्ला ने स्वास्थ्य टीम के साथ अनशन स्थल पर पहुंचकर जेडी पाटिल एवं संदीप कामडी का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कामड़ी का ब्लड प्रेशर अधिक पाए जाने पर उन्हें तत्काल टेबलेट लेने की सलाह दी गई है।

26 दिनों से जारी जिला बनाओ आंदोलन: मालूम हो कि मुलताई को जिला बनाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति द्वारा 26 दिनों आंदोलन किया जा रहा है। जिसके तहत पोस्ट कार्ड अभियान, मुलताई बंद, जल सत्याग्रह, मानव श्रृंखला बनाई गई, हर वर्ग से समर्थन जुटाया गया। साथ ही रैलियां निकाल कर ज्ञापन सौंप गए । अब तक जिला बनाओ अभियान के समर्थन में 100 से अधिक संगठनों ने ज्ञापन सौपा है ।

राजनीतिक दलों ने की है वादा खिलाफी: आमरण अनशन पर बैठे जेडी जनार्दन पाटील ने कहा है कि कृषि मंत्री कमल पटेल के आश्वासन के 5 दिन बाद भी ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी है, साथ ही कमलनाथ का पत्र भी प्राप्त नहीं हुआ है। दोनों राजनीतिक दलों ने वादा खिलाफी की है, इसलिए आमरण अनशन फिर से करना पड़ रहा है। फिर से आंदोलन की नई रूपरेखा बनाई गई है। अब यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक मुलताई को जिला नहीं बनाया जाता।

इनका कहना है

भोपाल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कृषि मंत्री कमल पटेल से मुलाकात हुई थी, उनसे मुख्यमंत्री से मिलने के लिए समय मांगा है, जल्द ही संघर्ष समिति के साथियों के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे।

पूर्व विधायक, चंद्रशेखर देशमुख

कृषि मंत्री कमल पटेल से बात हुई है, मुलतापी जिला बनाओ संगठन के प्रतिनिधि मंडल को जल्द मुख्यमंत्री से मिलवाने के लिए समय दिलवाने के लिए कहा है।

राजा पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष

डोल ग्यारस पर मुख्य मार्गों से आकर्षक विमान निकले

▶ **श्री गणेश को लगाया छप्पन भोग**

हरदा, देशबन्धु। जिले में डोल ग्यारस का पर्व भक्तिभाव से मनाया गया। इस अवसर पर सोमवार शाम को शहर के मुख्य मार्गों से आकर्षक विमान निकाले गए।सभी भक्तो ने शहर में निकले विमान में विराजित भगवान श्रीकृष्ण का पूजन कर आशीर्वाद लिया। गणेशोत्सव के अवसर पर समितियों द्वारा भगवान श्री गणेश को छप्पन भोग,फलाहारी खिचड़ी, लड्डू आदि महाप्रसादी का भोग लगाया गया। इस अवसर पर कैला माता मंदिर के पास विपिन फ़ौजी गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने फलाहारी खिचड़ी का भोग लगाकर महाआरती का आयोजन किया।समिति द्वारा प्रतिदिन पूजन आरती कर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं।

जिसमें महिला पुरुष एवं बच्चे बढ़चढकर हिस्सा लेकर धर्मलाभ ले रहे हैं। वहीं प्रताप टॉकीज चौक स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में भी फलाहारी खिचड़ी का भोग लगाया गया। प्रतिदिन पूजन आरती में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर पुण्यलाभ ले रहे हैं।

प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महिला बाल विकास विभाग की टीम ने किया शक्ति सदन का निरीक्षण

▶ **2023-24 के लिए भोपाल भेजा जाना है अनुदान का प्रस्ताव**

सारनी, देशबन्धु। ग्राम भारतीय महिला मंडल के माध्यम से संचालित किए जाने वाले शक्ति सदन का निरीक्षण सारनी एसडीओपी रोशन जैन, नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया एवं पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी संदीप जाट के साथ महिला बाल विकास की टीम द्वारा किया गया। अधिकारियों द्वारा शक्ति सदन की अन्य व्यवस्थाएं संतोषप्रद पाई गई। वहीं चौकी प्रभारी ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित शक्ति सदन का भ्रमण किया एवं संस्था प्रभारी भारती अग्रवाल एवं उनकी टीम स्टाफ के साथ उपस्थित मिली। संस्था ग्राम भारती महिला मंडल शोभापुर कलोनी पाथाखेडा द्वारा पीड़ित महिलाओं के आश्रय एवं संरक्षण भरण- पोषण एवं पुर्नवास के लिए भारत सरकार सहायित योजना शक्ति सदन का संचालन किया जा रहा है। शक्ति सदन संचालन प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2022-23 एवं अनुदान निरंतरता अनुदान वर्ष 2023-24 का प्रस्ताव संचालनालय महिला एवं बाल विकास म.प्र. भोपाल को प्रेषित किया जाना है। जिसमें संस्था द्वारा संचालित शक्ति सदन मे उपलब्ध सुविधाओं एवं संचालित गतिविधियों का निरीक्षण शासकीय अधिकारियों द्वारा किया गया। संस्था में ठहरी हुई महिलाओं बच्चियों से चर्चा की जिन्होंने संस्था के संबंध में सकारात्मक विचार प्रकट किया किसी के द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई। संस्था में प्रशिक्षण एवं पढ़ाई की सुविधा भी महिलाओं एवं बच्चियों को प्रदान की जाती है। शक्ति सदन जिसमे बेसहारा महिलाओं के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे विशेष कार्य जैसे शक्ति सदन की स्वच्छता तथा महिलाओं में यहां रहते हुए अधिकारी बनने की लगन एवं निवासरत कुमारी रोशनी बेले जो की आज हमीदिया हॉस्पिटल भोपाल में नर्सिंग के पद पर कार्य कर रही है।यह देख कर प्रशंसा जाहिर की भारती अग्रवाल जी द्वारा इस शक्ति सदन का सुचारू संचालन किया जा रहा है।शक्ति सदन गतिविधियां एवं कार्यशैली निश्चित तौर पर व्यक्तित्व को एक नया आयाम दे रही है। इस दौरान संस्था अध्यक्ष भारती अग्रवाल, शक्ति सदन काउंसलर नंदा सोनी,अधीक्षिका ज्योति बागडे एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि रही।

पत्रकारों की पहल और थाना प्रभारी का सहयोग रंग लाया

लापता मानसिक रोगी बेटी को मां से मिलवाया

भैंसदेही, देशबन्धु। महाराष्ट्र के पत्रकारों की सजगता और देशबन्धु के स्थानीय पत्रकार की सक्रिया के साथ ही थाना प्रभारी के सहयोग ने कई दिनों से लापता मानसिक रोगी एक बेटी को मां से मिलवा दिया। यह कार्य कठिन था लेकिन महाराष्ट्र चिखलदरा तहसील के पत्रकारों ने क्षेत्र में भटक रही इस महिला की खबर प्रकाशित की और जानकारी जुटाई तो पता चला की यह मध्यप्रदेश के भैंसदेही तहसील की है।

इसके बाद उन्होंने यहां के पत्रकार से संपर्क किया। बताया जाता है कि सुनीता नाथू पाटीदार (पालक) दो वर्षों से मानसिक रूप से बीमार हैं। वह भैंसदही तहसील के नबापुर गांव की रहने वाली है। उसकी शादी कुछ साल पहले ग्राम शिरसोड़ जिला खंडवा से हुई थी। उसका एक बेटा भी है। इसी बीच अचानक उसके पति की मौत के बाद उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया। कुछ दिन पहले वह लापता हो गई और महाराष्ट्र के मनोरुग मेलघाट के चिखलदरा तहसील के जरीडा गांव पहुंच गई।

आठ दिनों से जरीडा गांव में भटक रही थी। यहां के पत्रकारों को पता चला कि कोई अज्ञात महिला है। वहां के पत्रकार प्रशांत पंडोले, नितिन वरखड़े, मंगेश निवतकर ने महिला के बारे में पता निकाला और भैंसदेही के देशबन्धु पत्रकार गणेश राय से संपर्क कर जानकारी भेजी। गणेश राय ने भैंसदेही थाना प्रभारी अंजना धुर्वे से संपर्क किया और सारी बात बताई। थाना प्रभारी ने भी बिना देर किए सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने क्षेत्र में गुमशुदा की जानकारी निकाली तो पता चला कि थाने के सामने मातरम चाय की दुकान है उनकी बेटी मानसिक रोगी है जो लापता है। इसकी शिकायत मानसिक बीमार सुनीता की मां सुमन पालक ने दर्ज कराई थी। थान प्रभारी ने तत्काल गाड़ी की व्यवस्था कराई और पत्रकार गणेश राय लापता सुनीता को लेकर यहां पहुंचे और उसकी मां से मिलाया।

भाजपा कार्यालय में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

सारनी, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी की क्षेत्रीय कार्यालय सारनी में मंगलवार को हनुमान चालीसा का अखंड पाठ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संगीतमय तरीके से लगभग 2 घंटे तक आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री प्रकाश शिवहरे, विलास चौधरी, भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सुधा चंद्रा ने बताया कि गणेश प्रतिमा स्थापना के पावन अवसर पर अखंड हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 27 सितंबर को भाजपा कार्यालय में हवन पूजन और प्रसादी का आयोजन किया जाएगा और 28 अक्टूबर को भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन होगा। कार्यक्रम में भाजपा के रजीत सिंह,पीजे शर्मा,कमलेश सिंह,नागेंद्र निगम,सुधा चंद्रा,विनय मदने,गोलू राजपूत,सुधीर यादव,बिन्नी राय,सुनील पाटिल,राजू साहू,दिनेश वर्मा,पंजाबराव चौकीकर,रेवाशंकर मगादे,मुकेश यादव, कृष्णा साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे।

अधिवक्ता संघ ने संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरदा,देशबन्धु। जिला अधिवक्ता संघ हरदा के अधिवक्ताओं द्वारा मंगलवार को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर परते को दिया गया। अधिवक्ता संघ सचिव सुदीप मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 2018 एवं 2019 में वकीलों की महापंचायत बुलाई थी जिसमें उन्होने आश्वासन दिया था कि अतिशीघ्र ही अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जावेगा परंतु आज तक एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू नहीं किया गया है जिसके कारण संपूर्ण मध्य प्रदेश में अधिवक्ताओं में आक्रोश है। ज्ञापन देते समय अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के संभागीय अध्यक्ष क्रांतिकुमार जैसानी एवं जिला अध्यक्ष सुनील तिवारी, हरदा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार शांडिल्य, उपाध्यक्ष चंदन राजपूत कोषाध्यक्ष रामचंद्र सोनी, ग्रंथ पाल ओमप्रकाश गुर्जर , गोपाल जगनवार रजनीश शर्मा, नमन शर्मा, मनीष जोशी आदि अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक में सदस्यों ने दिए कई सुझाव

बैतूल, देशबन्धु। आमला, मुलताई ,बैतूल घोड़ाडोगरी स्टेशन के स्टेशन सलाहकार समिति सदस्यों की बैठक रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैतूल रेलवे स्टेशन के सभा कक्ष में संपन्न हुई।

जिसमें समिति सदस्यों द्वारा विभिन्न सुझाव दिए गए, जिसमें आमला स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र उपाध्याय द्वारा प्लेटफार्म क्रमांक 5 पर माल गोदाम के पास रेलवे की सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल निर्माण करने एवं आर. पी. एफ तथा जीआरपीएफ स्टाफ को बढ़ाने की सलाह दी गई, साथ ही रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए कोच डिस्प्ले बोर्ड लगाने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों तक बात पहुंचाना हेतु निवेदन किया गया। आमला स्टेशन सलाहकार समिति के यशवंत चडोकार द्वारा कोरोना काल से बंद दादा धाम एक्सप्रेस को पुन प्रारंभ करने नागपुर भोपाल के बीच इंटरसिटी एक्सप्रेस प्रारंभ करने, आमला रेलवे बुकिंग काउंटर पर रिजर्वेशन काउंटर एवं साधारण टिकट काउंटर को अलग-अलग कर संचालित किया जाने, आमला रेलवे स्टेशन पर एटीएम खोला जाने, रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड को जोड़ने वाली सड़क जिसमें एईएन बंगले के सामने गंदगी का अंबार लगा है आदि विषयों पर अधिकारियों का ध्यान आकर्षण कर सुझाव दिए गए, बैतूल स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य ऋषि नायडू, एवं गजानन मोटवानी द्वारा बैतूल रेलवे स्टेशन पर पार्किंग की व्यवस्थित व्यवस्था बनाने बैतूल स्टेशन पर यात्री सेड में बढ़ोतरी, खान पान व्यवस्था में स्टेशन के वेंडर कर्मचारियों की साफ सफाई हेतु सुझाव दिए गए कि उनके द्वारा साफ सफाई का ध्यान रखा जाए एवं ग्लव्स पहनकर ही खाद्य पदार्थों का वितरण करें, रेलवे के अधिकारी द्वारा बताया गया कि अमृत भारत योजना के अंतर्गत शीघ्र ही अमृत योजना में शामिल आमला बैतूल स्टेशन देश के सर्व सुविधा युक्त स्टेशन होंगे शीघ्र ही यहां पर सर्व सुविधायुक्त गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य प्रारंभ होंगे और यात्रियों को और आम नागरिकों को इसकी सुविधा मिलने लगेगी ।

कार्य बहिष्कार को पावर इंजिनियर्स एंड एम्पलाई संगठन देगा समर्थन

सारनी, देशबन्धु। मध्यप्रदेश यूनाइटेड फॉर्म फॉर पावर एम्पलाई एंड इंजिनियर्स के माध्यम से 27 सितंबर को एक दिवसीय कार्य बहिष्कार की घोषणा की गई है। इस बहिष्कार को पावर इंजिनियर्स एंड अप्लाई एम्पलाइज एसोसिएशन समर्थन किया है। इसकी घोषणा संगठन के महासचिव अजय कुमार मिश्रा के माध्यम से लिखित तौर से दी।

वनमंडल में 3 उप वनमंडल एवं 6 परिक्षेत्र कंट्रोल रूम से सीधे जुड़ेंगे

दक्षिण वन मंडल में स्थापित हुआ पहला वन कंट्रोल रूम

बैतूल, देशबन्धु। वनों को बचाने के लिए दक्षिण वन मंडल अंतर्गत मध्य प्रदेश वन विभाग का पहला फॉरेस्ट कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। वनमंडल अन्तर्गत 3 उपवनमंडल एवं 6 परिक्षेत्र कंट्रोल रूम से सीधे जुड़ेंगे इन क्षेत्रों में चप्पे चप्पे पर नजर रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि डीएफओ विजयानन्थम टी.आर. की पहल पर वनमंडल अन्तर्गत अवैध तस्करों पर निगरानी के लिए मध्यप्रदेश वन विभाग का पहला फॉरेस्ट कंट्रोल रूम बनाया गया है।

डीएफओ विजयानन्थम टी.आर. ने बताया कि दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल अन्तर्गत 3 उपवनमंडल एवं 6 परिक्षेत्र शामिल है, जिसमें से 4 परिक्षेत्र मुलताई, भैंसदेही, आठनेर और सांवलमेंढा महाराष्ट्र राज्य की सीमा से लगने के कारण संवेदनशील क्षेत्र हैं। बैतूल बहुमूल्य लकड़ी सागौन के लिए जाना जाता है। मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्य की सीमा रेखा के निकटवर्ती सागौन माफिया न केवल इन राष्ट्रीय खजाने के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं, बल्कि मुठभेड़ के दौरान इन माफिया गिरोहों का सामना करने वाले वन कर्मचारियों के लिए भी गंभीर जान का खतरा पैदा करते हैं। हाल ही में राजस्थान में इमारती लकड़ी ले जाने वाले कुख्यात हरदा गिरोह से जुड़ा महुपानी अवैध कटाई का मामला और तेलंगाना में अवैध लकड़ी ले जाने वाले नर्मदापुरम गिरोह से जुड़ा मुलताई ट्रक मामला, दक्षिण बैतूल वनमण्डल के लिए एक चुनौती के रूप में सामने आया। दोनों मामलों में अपराधियों ने प्रमुख सड़कों और प्रमुख टोलों को आसानी से पार कर लिया। हालाकि हमने इन अपराधियों को जिला पुलिस विभाग के सहयोग से पकड़ लिया, लेकिन अंतर्निर्मित वनमंडल स्तरीय फॉरेस्ट कंट्रोल रूम की आवश्यकता समय की मांग है। इस प्रकार, फॉरेस्ट कंट्रोल रूम की अवधारणा का जन्म हुआ।

सौर ऊर्जा से संचालित 4 जी सीसीटीवी कैमरे लगाए: वनमंडलाधिकारी द्वारा उपवनमंडल अधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी एवं फील्ड स्टाफ के साथ चर्चा कर संवेदनशील सड़कों के व्यक्तिगत दौरे के बाद, महाराष्ट्र सीमा वाली प्रमुख संवेदनशील सड़कों को चिन्हित कर 30 स्थानों पर सौर ऊर्जा से संचालित, जहां बिजली आपूर्ति संभव नहीं थी, 4 जी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। जिसका सीधा प्रसारण डिवीजन कार्यालय कंट्रोल रूम, परिक्षेत्र कार्यालय एवं उपवनमंडल कार्यालयों में भी उपलब्ध कराया गया है। कंट्रोल रूम में एक बड़े मॉनिटर के साथ अलग कंप्यूटर, प्रिंटर सेटअप लगया गया है, इसके सुचारू रूप से संचालन हेतु फील्ड स्टाफ की रात्रि ड्यूटी लगाई जाती है।

जनोना एवं गौनापुर में स्थापित किए गए 6 अस्थायी बेरियर: हाराष्ट्र के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध कटाई और अवैध लकड़ी परिवहन की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु 6 अस्थायी बेरियर एवं 02 स्थाई बेरियर जनोना एवं गौनापुर स्थापित किए गए। इन बैरियरों में वन चौकीदारों और वर्दीधारी वन कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग कर प्रतिदिन कंट्रोल रूम से इन बैरियरों पर रैंडम कॉल कर संबंधित बैरियर कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाती है। फील्ड स्टाफ द्वारा संदिग्ध वाहन की सूचना कंट्रोल रूम को प्राप्त होने पर सभी बेरियरों को तत्काल बंद कर दिया जाता है एवं कैमरे से निगरानी की जाती है। इससे फील्ड स्टाफ को सशक्तिकरण का एहसास होता है और वाहन चेकिंग में अनावश्यक देरी से बचा जा सकता है। भविष्य में आवश्यकता डने पर वनमंडल के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भी 4 जी सीसीटीवी कैमरे लगवाने का प्रावधान किया गया है।

कंट्रोल रूम को रिपोर्ट करेंगी गश्त टीम: परिक्षेत्रों में फील्ड स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यालय स्तर से गूगल शीट के माध्यम से प्रतिदिन सभी कर्मचारियों की उपस्थिति शाम 6 बजे तक प्रविष्टी करवायी जाती है। उपलब्ध वन अमले अनुसार प्रतिदिन रेंज अधिकारी रात्रि गश्ती के लिए गश्ती दल बनाएंगे जो रात 9 बजे तक कंट्रोल रूम को रिपोर्ट करेंगी।

फर्जी ऋण स्वीकृति मामले में 2 को 1 साल का कारावास

इटारसी देशबन्धु। प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हर्ष भदौरिया की अदालत ने सेंट्रल मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सुखतवा के साथ छल की प्रवंचना कर अपराधिक संयंत्र का गठन करके 500000 का फर्जी तरीके से लोन स्वीकृत कर लोन को अपने स्वयं के हित में दोहन करने का आरोपी पाते हुए संजीव उर्फ संगम शर्मा पिता सियाराम उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम सुखतवा को धारा 120 बी भारतीय दंड विधान के तहत 1 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50000 के अर्थदंड से दंडित किया है इसी तरह धारा 420 भारतीय दंड संहिता में आरोपी संजीव शर्मा को 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा एवं 5 लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। अर्थ दंड जमा नहीं करने पर आरोपी संजीव शर्मा को 6 माह के स श्रम कारावास एवं 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। इसी प्रकरण के सह आरोपी दीपक पिता क्रश धुर्वे उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम कालाआखर थाना केसला को भारतीय दंड विधान की धारा 120 बी में दोषी पाते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा एवं 50000 के अर्थ दंड से तथा धारा 417 भारतीय दंड विधान में दोषी पाते हुए एक वर्ष के सश्रम का रा वास की सजा एवं 50000 के अर्थ दंड से दंडित किया है। आरोपी दीपक धुर्वे के द्वारा अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर कम से 6-6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास और भुगतना होगा। दोनों आरोपी पूर्व से जमानत पर थे, अत: उनके जमानत मुचलके निरस्त कर दोनों को सजा भुगतने हेतु सजा वारंट से केंद्रीय जेल नर्मदापुरम भेज दिया है। आरोपी दीपक धुर्वे 31 जुलाई 19 से 14 जनवरी 22 तक न्यायिक अभिरक्षा में रहा है, तथा आरोपी संगम शर्मा को 28/5/19 को गिरफ्तार कर वह 29 अगस्त 2019 तक न्यायिक अभिरक्षा में रहा है। अभियोजन की ओर से पैरवी करने वाले अपर लोक अभियोजक राजीव शुक्ला ने बताया कि दीपक धुर्वे निवासी कालाआखर को व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु 20 दिसंबर 13 को 500000 का ऋण सेंट्रल मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सुखतवा ने ऋण के रूप में प्रदान किया था परंतु दिए ऋण की किस्तों की प्राप्ति न होने परशाखा प्रबंधक द्वारा जब ऋणी के पते पर निरीक्षण किया तब पाया कि ऋण प्राप्त करने वाले दीपक धुर्वे द्वारा कोटेशन के द्वारा दौरान जिस जगदंबा टेंट हाउस इटारसी के कोटेशन एवं बिल लगाए हैं वह अस्तित्व में है ही नहीं। ऋणी को ऋण का भुगतान करते समय ऋणी के द्वारा बैंक वाउचर भी हस्ताक्षरित नहीं किए थे। वर्तमान शाखा प्रबंधक ने ऋण दिए जाने के संबंध में की गई अन्य खातो की जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी। तब आरोपी दीपक धुर्वे के व्यवसाय एवं निवास स्थल पर निरीक्षण किया जहां पाया कि टेंट हाउस का व्यवसाय प्रारंभ ही नहीं किया था एवं जिस अचल संपत्ति को ऋण प्राप्त करने के संबंध में बैंक में बंधक रखा था वह भी अ परिवर्तित कृषि भूमि थी। फरियादी बैंक द्वारा दीपक से पूछताछ करने पर उसके द्वारा एक शपथ पत्र पर कथन दिया था कि 20/12 /13 को 500000 का लोन पास कराया था। टेंट हाउस व्यवसाय की जानकारी के अभाव में संजीव शर्मा एवं फरियादी बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक सतीश चंद्र जैन ने मिली भगत कर लोन स्वीकृत कराया एवं समस्त दस्तावेज एकत्र कर धोखाधड़ी करके षड्यंत्र पूर्वक कोटेशन में फर्जी बिल लगाकर लोन स्वीकृत कराया है। टेंट हाउस के व्यवसाय हेतु कोई भी समान नहीं लिया था और ना ही उसे मौके पर बैंक वालों को प्राप्त हुआ है। बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए संजीव शर्मा के साथ मिलकर फर्जी तरीके से दीपक धुर्वे के नाम पर टेंट हाउस व्यवसाय हेतु 500000 का ऋण स्वीकृत कर बैंक को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई थी। आरोपी द्वारा फर्जी तरीके से कृषि भूमि के कूट रचित दस्तावेज तैयार कर आरोपी गण द्वारा ऋण स्वीकृत किए जाने की शिकायतबैंक शाखा सुखतवा के प्रभारी अधिकारी द्वारा 20 नवंबर 2018 को थाना प्रभारी केसला को लिखित में आवेदन पत्र देकर की गई थी तथा 19/ 12/ 18 को पुलिस अधीक्षक होशंगाबाद को लिखित में आवेदन देकर उक्त शिकायत से अवगत कराया गया था। इस प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी भूरेसिंह भदोरिया के द्वारा 16 साक्ष्य के कथन जीपी राजीव शुक्ला के साथ मिलकर न्यायालय में प्रस्तुत कराए थे। प्रकरण में शासन की ओर से संयुक्त रूप से अंतिम तर्क एजीपी राजीव शुक्ला, एजीपी भूरेसिंह भदोरिया एवं एजीपी सत्यनारायण चौधरी ने प्रस्तुत किए। जिसके आधार पर कोर्ट ने आरोपी संजीव शर्मा एवं दीपक धुर्वे को उक्त सजा से दंडित किया है, तथा आरोपी सतीश जैन को पर्याप्त एवं ठोस साक्ष के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है।

सार समाचार

शासकीय कन्या महाविद्यालय में मनाया एनएसएस का स्थापना दिवस

इटारसी देशबन्धु। आज 24 सितंबर को एनएसएस दिवस शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में मनाया गया। प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने छात्राओं को स्वच्छता स्वास्थ्य एवं अनुशासन संबंधी जानकारियां दी। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर शिखा गुप्ता ने नव प्रवेशित छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। डॉक्टर श्रद्धा जैन ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

सड़क हादसे में युवक की मौत

इटारसी देशबनधु। सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, हादसा केसला के पास का बताया जा रहा है। घटना के बाद उसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल लाया गया था। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। केसला के नदीपुरा ग्राम निवासी 40 वर्षीय आकश सांगले सड़क हादसे में घायल हो गया था। जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए सुखतवा स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उपचार के दौरान मौत हो गई। केसला पुलिस ने इस मामले में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जुआ खेलते 4 गिरफ्तार

इटारसी देशबन्धु। मालवीय गंज क्षेत्र स्थित एक खाली मैदान पर जुआ खेलते हुए चार जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से ताश के पत्ते और नगदी रूपए भी बरामद किए। अपराधों की रोकथाम को लेकर पुलिस द्वारा तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे ही मालवीय गंज स्थित नए गुरूद्वारा के पास खाली मैदान पर चल रही जुआ फड पर छापामार कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि 30 वर्षीय शैलेन्द्र सराठे,39 वर्षीय सचिन सराठे,31 वर्षीय आकाश उर्फ सुन्नू ठाकुर, और रितेश राजपूत द्वारा जुआ खेला जा रहा था। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को पकड लिया। आरोपियों के पास से ताश के पत्ते और 15 सौ रूपए नगदी बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

नियुक्ति के बाद 2 महिला चिकित्सकों ने दी अस्पताल मे आमद

इटारसी देशबन्धु। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल में सात महिला एवं पुरुष चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। इनमें दो महिला चिकित्सकों ने सोमवार को ज्वाइनिंग दी। महिला चिकित्सकों की ज्वाइनिंग से महिला मरीजों को उपचार कराने में सुविधा मिल सकेगी। इटारसी अनुविभाग का एक मात्र डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शासकीय सिविल अस्पताल सालों से चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। दो सौ बिस्तरीय इस अस्पताल में विशेषज्ञ एवं चिकित्सकों की काफी कमी होने से मरीजों को भी बेहतर इलाज नहीं मिल पाता। लंबे समय से की जा रही मांग के बाद शासन द्वारा सात महिला एवं पुरूषों की नियुक्ति के आदेश जारी किए थे। इनमें दो महिला चिकित्सकों ने सोमवार से ड्यूटी ज्वाईन कर ली। इनमें डॉ. ज्योति जवारे, और डॉ. ज्योत्सना पलव्या शामिल हैं। अस्पताल में पदस्थ तीन महिला चिकित्सकों के विशेषज्ञ बनने के बाद उनका ट्रांसफर होने से महिला चिकित्सकों की काफी कमी हो गई थी। अब दो महिला चिकित्सकों के आने से महिला मरीज एवं प्रसूताओं को और बेहतर इलाज मिलेगा।

कांग्रेस की जन आक्रोश रैली एवं आमसभा आज

इटारसी देशबन्धु। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संपूर्ण प्रदेश में निकाली जा रही जन आक्रोश रैली का आगमन कल बुधवार को सायंकाल होशंगाबाद विधानसभा के इटारसी नगर में होने जा रहा है। यात्रा की जानकारी देते हुये नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने बताया कि यात्रा शाम 6 बजे सनखेड़ा नाका से इटारसी शहर में प्रवेश करेगी। एसबीआई पुरानी इटारसी तिराहा पर नगर कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं हस्द्ध यात्रा का स्वागत करते हुये वाहन रैली के माध्यम से अगवानी करेगी। यात्रा ओवरब्रिज, पुलिस थाना, रेलवे स्टेशन, जयस्तंभ चौक, सराफा बाजार होते हुये श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर पहुंचेगी, जहां ठाकुर श्री द्वारिकाधीश का पूजन कर यात्रा विश्राम करेगी और आमसभा तुलसी चौक पर आयोजित होगी। आमसभा में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी एवं प्रदीप जैन आदित्य सहित जिला प्रभारी विधायक संजय शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुष्पराज पटैल सहित स्थानीय वक्ता संबोधित करेंगे। श्री जायसवाल ने नगरवासियों से, कांग्रेसजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जनआक्रोश रैली एवं आमसभा को सफल बनाने का आग्रह किया है।

जनसुनवाई: आए 86 आवेदन, कलेक्टर ने किया समस्याओं का निराकरण

नर्मदापुरम देशबन्धु। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने आमजनों द्वारा दिए गए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। जनसुनवाई में कुल 86 आवेदन आएं। जनसुनवाई में बनखेड़ी निवासी श्री छोटेलाल साह द्वारा बताया गया कि पीएम आवास की बैंक खाते में राशि नहीं प्राप्त होने से परेशान है। जिस पर कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनखेड़ी को आवेदन का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएमओ बनखेड़ी ने बताया कि आवेदक का छठवीं डीपीआर सूची में नाम दर्ज है जो जिला कार्यालय नर्मदापुरम से अनुमोदित हो गई है। अनुमोदन उपरांत राज्य स्तर से स्वीकृति हेतु कार्यवाही की जा रही है। जनसुनवाई में ग्राम हिरनखेडा तहसील सिवनीमालवा निवासी ओमप्रकाश पिता शिवकुमार गौर द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त न होने के संबंध में आवेदन दिया। कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार सिवनीमालवा द्वारा आवेदन की जांच की गई।उक्त शिकायत की जाँच में पाया कि आवेदक का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत पंजीयन है, जिसकी 10 किस्त आवेदक को प्राप्त हो चुकी है, तथा शेष किस्त शासन स्तर पर रूकी हुई है। आवेदक द्वारा बैंक खाते से आधार लिंक नहीं होने के कारण उक्त किश्ते रुकी हुई है। आवेदक से सम्पर्क कर उसे खाते से आधार लिंक कराने के लिए सूचित किया गया है। जिसके बाद आवेदक को सुचारू रूप से किसान सम्मन निधि की राशि प्राप्त हो सकेगी। जनसुनवाई में इटारसी निवासी भरत गायकवाड ने अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने के संबंध में आवेदन दिया जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन यंत्री को प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए सभी आवेदनों का भी निराकरण किया। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम आशीष कुमार पांडे, संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद गुर्जर सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

जनपद पंचायत कर्मचारी संघ ने की पंचायत मंत्री से मुलाकात

इटारसी देशबनधु। जनपद पंचायत कर्मचारी संघ ने आज राजधानी भोपाल में पंचायत मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया एवं अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण आयोग रमेशचंद्र शर्मा से मुलाकात करके संघ की मांगों के संबंध में चर्चा की और निराकरण करने निवेदन किया। संघ के सदस्यों ने विभागीय अधिकारियों से संघ की मांगों के संबंध में आदेश जारी कराने का अनुरोध किया। पंचायत मंत्री ने प्रदेश की जिला/जनपद पंचायतों के कर्मचरियों की आज खुले मन से प्रशंसा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में आप सभी की बहुत बड़ी जिममेदारी है, जो आप बहुत ही कम समय में क्रियान्वयन करते हैं। उन्होंने कहा कि संघ की पेंशन, 5/6 वेतनमान के संशोधन आदेश एवं समयमान का लाभ देने हेतु में कल मुख्यमंत्री से चर्चा करूंगा एवं सीएम शिवराज सिंह चौहान को महापंचायत के आयोजन हेतु आमंत्रण पत्र भी देने हेतु कहा।

इस अवसर पर विदिशा, भोपाल, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, गुना, शिवपुरी से आये लगभग 50 कर्मचारी जिनमें नर्मदापुरम जिले से महेश दुबे, सुनील बाजपेई, मनोज सोनी, मुकेश शुक्ला, अशोक चौहान, वैष्णव, घनश्याम मीना आदि उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण शर्मा जिला एवं जनपद पंचायत कर्मचारी संघ ने आज भोपाल पहुंचे जिलों के कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

नर्मदापुरम देशबन्धु। जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया आरोपी ने 17 वर्षीय अवयस्क अभियोक्त्री को मोटरसायकल से इटारसी घुमाने ले गया और फिर होशंगाबाद ले आया। लाज में ले जाकर रात में उसके साथ मर्जी के विरूद्ध शारीरिक संबंध बनाये फिर दूसरे दिन हैदराबाद, सिकंदराबाद ले गया जहॉ पर उसके साथ 01 माह तक टपरी में रखकर उसकी मर्जी के साथ शारीरिक संबंध बनाया था। अभियोक्त्री के गुम होने की रिपोर्ट थाना माखननगर में उसके पिता द्वारा की गई थी जिसके आधार पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्व कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। विचारण दौरान अभियोक्त्री एवं उसके माता पिता सहित सभी साक्षियों ने अभियोजन घटना की पुष्टि की। उक्त प्रकरण में विचारण उपरांत विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, नर्मदापुरम द्वारा आरोपी संजय पाल को धारा-376(2)(एन)भादवि 5 एल/6 में पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं 4000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया।

विधिक जागरूकता शिविर में साइबर क्राइम के प्रति सचेत किया

इटारसी देशबन्धु। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीषचन्द्र शर्मा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी द्वारा नालंदा मॉडल हायर सैकंड्री स्कूल में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

संबोधित करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सूर्यपाल सिंह राठौर ने बताया कि कहा कि सारे काम ऑनलाइन किये जा रहे हैं। ऑनलाइन सुविधा का इस्तेमाल करना हमारे लिए फायदेमंद भी है और नुकसानदायक भी है। साइबर क्राइम काफी तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें किसी व्यक्ति की पर्सनल जानकारी या पर्सनल डाटा चोरी हो जाता है। जिसमें अपराधियों को पकड़ना काफी मुश्किल होता है। हमें अपनी निजी सुरक्षा के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल संभलकर करना चाहिए और कोई भी निजी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करने से बचना चाहिए। साइबर काइम के बारे में लोग काफी कम जानते हैं और इसके प्रति कम जागरूकता होने के कारण वह इसका शिकार हो जाते है। हमें अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे एटीएम का पिन, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का पासवर्ड, बैंक डिटेल और ओटीपी किसी भी अनजान व्यक्ति से शेयर नहीं करना चाहिए। हमें ऑनलाइन होने वाले काईम के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता संजय गुप्ता, विधिक सेवा सदस्य जिनेन्द्र कुमार जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अतिथियों का आभार प्रदर्शन श्रीमती भारती चौकसे ने किया। इस अवसर पर शाला के डायरेक्टर उमेश चौकसे, अजय चौकसे एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

खेलो एम पी यूथ गेम्स के खिलाडियों ने संदेश देकर मतदाताओं को किया जागरूक

नर्मदापुरम देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ सुजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में आने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए जागरूकता अभियान के तहत स्वीप अंतर्गत विभिन्न मतदान जागरूकता अभियान की श्रृंखला में जिला मुख्यालय पर हो रहे खेलो एम पी यूथ गेम्स में जिले भर से आए सैकड़ों छात्र छात्राओं खिलाड़ी एवं गेम्स खिलाने वाले प्रशिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों के साथ मिलकर गेम्स शुरू होने के पहले सभी ने एकत्रित होकर आने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया और साथ ही लगाए नारे सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, आओ हम सब मिलकर गाएं ,हम वोट देने जरूर जाएं, विभिन्न स्लोगन के नारे लगाए। इस तरह मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर द्वारा खेलो एम पी यूथ गेम्स् में खेल मैदान पर जिले से गाँव गाँव से आये स्कूल के खिलाड़ियों को मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने की समझाइस भी दी। खेल के बाद जब सभी घर जाएंगे तो गांव में चौपालों पर घरों में सभी को मतदान करने के लिए भी प्रेरित करेंगे। सभी खिलाड़ियों मतदान के प्रति जागरूक करने का संकल्प भी दिलाया गया।

मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाएं: कलेक्टर

नर्मदापुरम देशबन्धु। डोर टू डोर सर्वे कर मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएं। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने समस्त रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए हैं।

मंगलवार को कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मतदाता सूची अंतर्गत डोर टू डोर सर्वे कार्य की विधानसभावार समीक्षा की। कलेक्टर ने सख्त निर्देशित किया कि उक्त कार्य में लापरवाही पर संबंधित बीएलओ के साथ रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अच्छे से डोर टू डोर सर्वे कर ऐसे मतदाताओं के फॉर्म 7 जनरेट कर उनके नाम विलोपित किए जाएं। सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी फील्ड में रहकर स्वयं डोर टू डोर सर्वे कार्य का निरीक्षण करें। बैठक में कलेक्टर ने 450 रुपए रसोई गैस की राशि प्रदाय किए जाने के संबंध में पंजीयन कार्य की जनपद एवं निकायवार समीक्षा की। उन्होंने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को विशेष ध्यान देकर पात्र महिलाओं के पंजीयन किए जाने के निर्देश दिए। ताकि समय पर हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद गुर्जर सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षकों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

इटारसी देशबन्धु। आज मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ एवं शिक्षक कांग्रेस नर्मदापुरम के जिलाध्यक्षों ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के लिए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, संयुक्त संचालक श्रीमती भावना दुबे एवं जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन से भेंट की। शिक्षकों की मांग है कि शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाए एवं 12 वर्ष 24 वर्ष 30 वर्ष की क्रमोन्नति से जो शिक्षक वंचित हैं। उनके प्रस्ताव बुलाकर शीघ्र लाभ प्रदान किया जाए। होशंगाबाद विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आईएफएम एस पोर्टल पर शिक्षकों के वित्तीय कार्य प्रशिक्षित लिपिक के न होने के कारण समय पर नहीं हो रहे हैं। एक माह से किसी भी प्रकार के देयकों का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन जीपीएफ ग्रेच्युटी एवं अन्य भुगतान लंबित है। इस संबंध में शिक्षा विभाग के दोनों अधिकारियों ने असमर्थता व्यक्त की तो सभी कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के पास गए। कलेक्टर ने शिकायत को नोट कर शीघ्र ही भुगतान करवाने का और मासिक वेतन समय पर होने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में भुवनेश्वर दुबे जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ, अखिलेश दुबे जिलाध्यक्ष शिक्षक कांग्रेस, शैलेन्द्र सिंह तोमर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, जिलाध्यक्ष बीपी पठारिया संभाग अध्यक्ष शिक्षक कांग्रेस, हरि शंकर बरगले, सुरेश चिमानिया, सुंदर नारायण शर्मा, राजेन्द्र गुप्ता, सीएस चौहान, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, नरेंद्र रावत उपस्थित थे।

जिले के सौरभ का जापान के ओसाका शहर में नौकरी के लिए चयन हुआ

नर्मदापुरम देशबन्धु। मध्यप्रदेश शासन पिछड़ावर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजनांतर्गत संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नर्मदापुरम के छात्र सौरभ कुमार विश्वकर्मा निवासी ग्राम रेवा वनखेड़ी तहसील सोहागपुर का जापान के ओसाका शहर में नौकरी के लिए चयन हुआ है।

सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सौरभ का चयन जापान की इमेशिग कंपनी लिमिटेड में हुआ है। उन्हें प्रतिमाह एक लाख रूपए वेतन मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिले में योजनांतर्गत युवक, युवतियों को विदेश में रोजगार के लिए निरन्तर प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना से संबंधित जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। बताया गया है कि योजनांतर्गत नर्मदापुरम से जहां सौरभ विश्वकर्मा का चयन हुआ है, वहीं छिंदवाड़ा जिले के ग्राम माचीबाड़ा के दीनदयाल सनोडिया का भी चयन हुआ है। योजनांतर्गत योजना में चयन होने के बाद राज्य स्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में जापानी भाषा का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाता है, इसके बाद जापान सरकार द्वारा ली जाने वाली लेंग्वेज परीक्षा का पास करना होता है। योजना में पहले चरण के बैच में 30 उम्मीदवारों में से 24 उम्मीदवारों ने जापान सरकार द्वारा ली जाने वाली लेंग्वेज परीक्षा को उर्त्तीण किया है। इनमें से उक्त दो यवाओं का चयन हुआ है। शेष 22 युवाओं को भी नौकरी के लिए जापान भेजने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत द्वितीय बैच में पंजीकृत 22 प्रशिक्षणार्थी अक्टूबर माह में आयोजित होने वाली जापानी भाषा लेंग्वेज परीक्षा में सम्मिलत होंगे।

राज्यपाल पटेल बरकतउल्ला विवि के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

दीक्षांत शपथ और उपदेश को अपने जीवन में उतारें विद्यार्थी

भोपाल, देशबन्धु। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षित वही है, जिसमें ज्ञान के साथ-साथ संस्कार भी होते हैं। विद्यार्थी जीवन में विश्वविद्यालय से प्राप्त होने वाले संस्कार जीवन के हर कदम पर आपके पथ प्रदर्शक होते है। श्री पटेल मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों को परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए उनके दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक आगे बढ़ने के लिय प्रेरित करता है। जीवन की सफलताओं में कभी भी अपने माता-पिता और गुरुजनों को नहीं भूलें। उनके सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। श्री पटेल ने कहा कि शिक्षक, युवा वर्ग को दृढ़ संकल्पवान बनाएं। उन्हें समस्याओं से जूझना सिखाएं ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी एपका आत्मबल बना रहें। विद्यार्थी वंचित वर्गों के प्रति भी संवेदनशीलता के साथ सहयोग के लिए तत्पर रहें।

राजपाल मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों को 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाले स्वच्छता दिवस पर होने वाली गतिविधियों में बढ़-चढ़कर और उत्साह पूर्वक हिस्सा लेने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने परिसर को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रेरित करते रहने की समझाइश दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्यपाल श्री पटेल का पुष्पगुच्छ, शॉल श्रीफल भेंटकर स्वागत और अभिनंदन किया गया। राज्यपाल श्री पटेल एवं अतिथियों ने विश्वविद्यालय की उपलब्धि पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया। दीक्षांत समारोह में स्मृति-चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर कुलपति राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय, प्रो. एस. सूर्यप्रकाश भी उपस्थित थे। उन्होंने भारतीय शिक्षा की ऐतिहासिकता और गौरवशाली विरासत की महत्ता पर संक्षिप्त उद्बोधन दिया। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति सुरेश कुमार जैन ने बताया कि 165 विद्यार्थियों को उपाधि और स्वर्ण पदक प्रदान किये गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने दीक्षित विद्यार्थियों को दीक्षांत उपदेश दिया और दीक्षांत शपथ दिलाई।

विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदान किए संसदीय उत्कृष्टता सम्मान, कहा-

नए सदस्य वरिष्ठों से सीखकर क्षेत्र में ज्यादा विकास कर सकते हैं

गोपाल भार्गव एवं तुलसीराम सिलावट को उत्कृष्ट मंत्री सम्मान

भोपाल, देशबन्धु। मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष गिरीश गौतम ने मंगलवार को विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संसदीय उत्कृष्टता सम्मान समारोह से मंत्रियों, विधायकों, पत्रकारों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सभा समितियों की संयुक्त बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमें समिति के सभापतियों ने अपने कार्यकाल की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर सम्मानितजनों को बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा कि नए सदस्य यदि वरिष्ठ विधायकों से मागदर्शन लेकर सीखें तो वे अपने क्षेत्र में ज्यादा विकास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम सभी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। खासतौर पर विधायकों के सामने कई नजरे होती हैं। एक तो क्षेत्र का मतदाता अपने सपनों के पूरा होने के लिए टकटकी बांधे विधायक की ओर देखता है। दूसरा मीडिया की भी नजर विधायक पर होती है। जनता की आकांक्षा अपेक्षा को पूरा करने की चुनौती भी विधायकों पर होती है।

श्री गौतम ने बताया किया जिन नए सदस्यों प्रश्न होते थे उनको बुलाकर वरिष्ठ सदस्यों के माध्यम से ब्रीफिंग करवाने कार्य विगत समय में किया गया है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में अब कम ही सदस्य नजर आते हैं। यह आवश्यक है कि सदस्य पुस्कालय में नियमित में जाए। हम सभी यहां जनता का प्रतिनिधित्व करने आते हैं। हम सभी प्रयास करते हैं कि अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य हो जाएं। लेकिन हमें यह प्रयास करना है कि हम अपनी बात संयमित और प्रभावी तरीके से रखें तो कार्य अवश्य होगा।

श्री गौतम ने कहा कि वर्तमान में जब प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कारणों से विधानसभा के सत्र लंबे नहीं नहीं चल रहे है तो समितियों के माध्यम से कार्य हो रहा है। इसलिए एक तरह से समितियां बारहमासी विधानसभा का सत्र होती हैं। समितियों का काम सामने कम आता है लेकिन वहां निश्चित तौर पर ज्यादा और महत्वपूर्ण कार्य होता है।

इस अवसर पर संसदीय कार्यमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीता सरण शर्मा, लोकलेखा समिति के सभापति पी.सी.शर्मा, प्राक्कलन समिति के सभापति रामपाल सिंह, अजा-अजा समिति के सभापति प्रदीप लारिया, पिछड़ा वर्ग समिति के सभापति जालम सिंह पटेल, स्था.नि.पं.रा. समिति के सभापति अजय विश्नोई ने भी अपने विचार रखे। स्वागत उद्बोधन मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव ए.पी.सिंह ने दिया। इस अवसर पर मंत्री, विधायक, पत्रकार, अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे।

यह हुए सम्मानित

इस अवसर पर श्री गौतम ने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल की स्मृति में उत्कृष्ट मंत्री सम्मान गोपाल भार्गव, लोक निर्माण मंत्री एवं तुलसीराम सिलावट जल संसाधन मंत्री को प्रदान किया। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा की स्मृति में उत्कृष्ट विधायक सम्मान विधायक लक्ष्मण सिंह, देवेंद्र वर्मा, शैलेंद्र जैन, सुश्री हिना लिखीराम कांवरे, आशीष गोविंद शर्मा, फुंदेलाल मार्को को दिया गया। प्रदेश की पहली महिला नेता प्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी की स्मृति में उत्कृष्ट पत्रकार (प्रिंट मीडिया) का सम्मान दीपेश अवस्थी, विशेष संवाददाता पत्रिका एवं राजीव सोनी, वरिष्ठ संवाददाता पीपुल्स समाचार को प्रदान किया गया। माणिचंद्र वाजपेरी उत्कृष्ट पत्रकार (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) सम्मान विवेक पटैया (आईबीसी-24) एवं सुधीर दंडोतिया (न्यूज24) को प्रदान किया गया।

अधिकारी-कर्मचारी भी पुरस्कृत

समारोह में प्रदेश के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष पं. कुंजीलाल दुबे की स्मृति में उत्कृष्ट विधानसभा अधिकारी पुरस्कार एम.एल.मनवानी अवर सचिव, नरेन्द्र कुमार मिश्रा अवर सचिव, सुश्री करमजीत छिन्ना, सहायक संचालक सुरक्षा एवं मोहनलाल राय निज सचिव को प्रदान किया गया। प्रदेश के प्रथम विधानसभा सचिव खं.के.रांगोले की स्मृति में उत्कृष्ट विधानसभा कर्मचारी पुरस्कार सुमित यादव सहायक मार्शल, नीरज उरमलिया भृत्य, श्रीमती उर्मिला वर्मा फर्राश एवं रत्नेश मालवीय कुली को प्रदान किया गया।

दिवंगत मुख्यमंत्रियों के परिजनों का शाल,श्रीफल भेंट कर किया सम्मान

मप्र के विकास और निर्माण में सभी मुख्यमंत्रियों को अतुलनीय योगदान रहा

▸ मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पूर्व दिवंगत मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाओं का किया अनावरण

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के विकास और निर्माण में सभी मुख्यमंत्रियों को अतुलनीय योगदान रहा है। सभी ने अपने-अपने स्तर पर जन-कल्याण और विकास के श्रेष्ठतम कार्य किए। उनके योगदान को हम सब नमन करते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय प्रांगण में पूर्व दिवंगत मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाओं के अनावरण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि दिवंगत मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाओं की स्थापना से भोपाल में एक नए संग्रहालय का शुभारंभ हुआ है। मंत्रालय प्रांगण का यह प्रतिमा संग्रहालय प्रदेशवासियों के साथ अन्य प्रदेशों से आने वाले लोगों के लिए भी एक प्रेरणा स्थल बनेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्रद्धये पं. रविशंकर शुक्ला,भगवंतराव मण्डलोई ,कैलाश नाथ काटजू, द्वारिका प्रसाद मिश्र, गोविन्द नारायण सिंह, राजा नरेश चन्द्र, श्यामाचरण शुक्ल, प्रकाश चन्द्र सेठी, वीरेंद्र कुमार सखलेचा, सुन्दरलाल पटवा, अर्जुन सिंह, मोतीलाल वोरा, बाबूलाल गौर का स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। उनके परिजनों से भेंट कर उनका शाल,श्रीफल से स्वागत किया तथा परिजनों के साथ फोटो सेशन करवाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश गान के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इंदर सिंह परमार उपस्थित थे।

सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दिवंगत मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाएं स्थापित कर विशिष्ट परम्परा का निर्वहन किया है। प्रदेश के निर्माण में योगदान देने वाले सभी दिवंगत मुख्यमंत्रियों की स्मृतियों को अक्षुण्ण बनाए रखने का यह प्रयास श्री चौहान की संवेदनशीलता को दर्शाता है। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री विनोद कुमार ने आभार व्यक्त किया।

केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी यादव ने किया निर्वाचन निर्देशिका का विमोचन

भोपाल, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव ने विधि प्रकोष्ठ द्वारा निर्मित किताब 'निर्वाचन निर्देशिका' का विमोचन किया।

विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी ने बताया कि यह निर्देशिका विधानसभा चुनाव की दृष्टि से तैयार की गई है, जो उम्मीदवारों का मार्गदर्शन करेगी। 'निर्वाचन निर्देशिका' में प्रत्येक विधानसभा में कार्यरत विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं की जानकारी है, जिनकी सहायता उम्मीदवारों द्वारा चुनाव आयोग में नॉमिनेशन फार्म दाखिल करते समय चल-अचल संपत्ति, सोशल मीडिया का अपराधिक रिकॉर्ड, आभूषण संबंधी ब्योरा देने के लिए की जा सकती है। मनोज द्विवेदी ने बताया कि किताब में चुनाव के दौरान ली जाने वाली सभी प्रकार की अनुमतियां के फॉर्मेट दिए हुए हैं, जिनको पढ़कर आसानी से अनुमति प्राप्त की जा सकती है। आचार संहिता के दौरान प्रत्याशी को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए एवं विपक्षी उम्मीदवार की शिकायत किस प्रकार की जानी चाहिए, इसका विस्तृत विवरण इस निर्देशिका में दिया गया है। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, चुनाव समन्वय समिति के संयोजक एस. एस. उप्पल, प्रकोष्ठ के सह संयोजक श्री अशोक विश्वकर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज गुप्ता, सिवेंदु, अमन गर्ग, हेमंत द्विवेदी, श्री गीतेश सहित प्रकोष्ठ उपस्थित रहे।

ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष पटेल भाजपा में शामिल

भोपाल, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में छतरपुर जिले के ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार पटेल ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने उन्हें पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

भिंड के कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली

भोपाल, देशबन्धु। प्रदेश शासन के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा एवं पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल के समक्ष भाजपा की विचारधारा और रीति-नीति से प्रभावित होकर भिण्ड से कांग्रेस के पूर्व जिला सचिव एवं बुंदेलखण्ड अधिकारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेश परिहार (लहार) के नेतृत्व में 50 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। डॉ. मिश्रा एवं श्री अग्रवाल ने सभी नेताओं का पार्टी का अंगवस्त्र पहना स्वागत किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के रामस्वरूप शुक्रवारे उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-

भाजपा को नहीं मिल रहे उम्मीदवार

भोपाल, देशबन्धु। मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी की गई प्रत्याशियों की दूसरी सूची पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा को लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे और डबल इंजन की ये सरकार डबल हार की ओर बढ़ रही है। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, लिस्ट पर एक ही बात फिट है नाम बड़े और दर्शन छोटे।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने मप्र में अपने सांसदों को विधानसभा की टिकट देकर साबित कर दिया है कि भाजपा न तो 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत रही है, न 2024 के लोकसभा चुनाव में। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि वो ये मान चुकी है कि एक पार्टी के रूप में तो वो इतना बदनाम हो चुकी है कि चुनाव नहीं जीत रही है, तो फिर क्यों न तथाकथित बड़े नामों पर ही दांव लगाकर देखा जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अपने को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा को लड़वाने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं, तो फिर वोट देने वाले कहां से मिलेंगे। अबकी बार भाजपा अपने सबसे बड़े गढ़ में, सबसे बड़ी हार देखेगी। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि कांग्रेस भाजपा से दोगुनी सीट जीतने जा रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार डबल हार की ओर बढ़ रही है। कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में हार स्वीकार कर चुकी भाजपा ने उम्मीद का आखरी झूठा दांव खेला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि 18.5 साल की भाजपाई सरकार और 15 साल से ज्यादा के शिवराज जी विकास के दावों को नकारने वाली भाजपाई प्रत्याशियों की सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं की पार्टी का दावा करने वाली भाजपा की आंतरिक हार पर पक्की मुहर है।

लखीमपुर खीरी हिंसा मामला : केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को दिल्ली जाने की छूट

▸ बीमार मां की देखभाल व बेटी का इलाज के लिए मिली अनुमति

नई दिल्ली,एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे एवं लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत शर्तों में ढील दे दी।

शीर्ष अदालत ने यह ढील उन्हें अपनी बीमार मां की देखभाल और अपनी बेटी का इलाज के लिए दिल्ली जाने और वहां रहने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली वाली पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता को अनुमति देने के साथ ही यह स्पष्ट कर दिया कि वह किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लेंगे या विचाराधीन मामले के संबंध में मीडिया को संबोधित नहीं कर सकेंगे। पीठ ने उन पर दिल्ली-एनसीआर में प्रवेश करने से रोक की पहले की शर्त हटा दी है। शीर्ष अदालत ने हालांकि यह भी कहा कि आरोपी के उत्तर प्रदेश में प्रवेश पर रोक अभी भी जारी रहेगी। यह मामला केंद्र के (निरस्त किए गए) कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में हिंसा भड़कने के बाद 3 अक्टूबर 2021 को चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत से संबंधित है। किसान संगठनों ने आरोप लगाया है कि मिश्रा का एक वाहन प्रदर्शनकारियों के एक समूह को कुचल गया था।

बारामुल्ला में पकड़ा गया लश्करे तौयबा का गैंग

- गैंग में दो महिलाएं भी हैं शामिल
- हथियार व गोला बारूद भी बरामद

जम्मू, देशबन्धु। जम्मू कश्मीर पुलिस ने बुधवार को लश्करे तौयबा के एक आतंकवादी और दो महिलाओं सहित पांच आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक किशोर भी शामिल है।

बारामुल्ला में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बारामुल्ला अमोग नागपुरे ने बताया कि पुलिस ने बारामुल्ला में सक्रिय लश्कर आतंकवादी और पांच आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से ग्रेनेड और पिस्तौल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। उनके मुताबिक गिरफ्तारियों का सिलसिला सितंबर में उड़ी में दो संदिग्धों को हिरासत में लिए जाने के बाद शुरू हुआ था।

एसएसपी ने बताया कि 21 सितंबर को, बारामुल्ला में पुलिस को विश्वसनीय स्रोतों के माध्यम से पता चला कि यासीन अहमद शाह अपने घर से लापता है और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर/टीआरएफ में शामिल हो गया है। बाद में उसे टप्पर पट्टन में एमवीसीपी चेकिंग के दौरान 22 तारीख को आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला बारूद के साथ पकड़ लिया गया।

आतंकवादियों को भर्ती करने कराने की थी योजना

नागपुरे के बकौल, पूछताछ के दौरान, उसने अपने दूसरे सहयोगी का नाम परवेज अहमद शाह बताया। जिसे बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उसके खुलासे पर, उसके कब्जे से 2 हैंड ग्रेनेड भी बरामद किए गए। और मोहम्मद यासीन शाह से पूछताछ के दौरान और उसके खुलासे पर, 1 पिस्तौल, 1 पिस्तौल जंबाजपोरा स्थित उसके घर से मैगजीन और 8 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए। एसएसपी ने आगे कहा कि उसने अपने साथियों के नाम निगीना और आफरीना उर्फ आयत बताए और उनके खुलासे पर दो हथगोले बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, इस प्रक्रिया में दो महिलाओं समेत पांच को पकड़ लिया गया। पुलिस का दावा है कि जांच से पता चला है कि यह आतंकवादी अपने 5 सहयोगियों के साथ पाकिस्तान स्थित आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहा था और अधिक से अधिक आतंकवादियों को भर्ती करने और बारामुल्ला और आसपास के इलाकों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहा था।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोले एस जयशंकर

सुरक्षा परिषद में बदलाव जरूरी

▸ वे दिन बीत गए जब कुछ राष्ट्र एजेंडा तय करते थे

न्यूयॉर्क, एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया चुनौतीपूर्ण वक्त से गुजर रही है। उन्होंने भारत की जी-20 अध्यक्षता की तारीफ करते हुए कहा कि हमारी पहल से अफ्रीकन यूनियन संगठन का हिस्सा बना।

ऐसा करके हमने पूरे महाद्वीप को एक आवाज दी, जो काफी समय से इसका हकदार रहा है। न्यूयॉर्क में 13 सितंबर से चल रही संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में सभी सदस्य देश अपनी बात रखते हैं। महासभा की 77वीं बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की जगह एस जयशंकर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा परिषद में बदलावों की भारत की मांग को दुनिया के सामने दोहराया है।

उन्होंने कहा समय बदल रहा है, अब



दूसरे देशों की बात सुननी होगी। उन्होंने कहा कि चंद देशों का एजेंडा दुनिया पर नहीं थोपा जा सकता है। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईस मुद्दे को लेकर ह्र चीफ एंटोनियो गुटेरेस से भी मुलाकात की थी।

उथल-पुथल का दौर देख रहा विश्व

एस जयशंकर ने कहा कि विश्व उथल-पुथल का असाधारण दौर देख रहा है। भारत के वन अर्थ वन फैमिली वन फ्यूचर विजन में केवल कुछ लोगों के छोटे फायदे नहीं बल्कि अनेक लोगों की चिंताएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वे दिन खत्म हो गए जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे और उम्मीद करते थे कि दूसरे भी उनके साथ आ जाएंगे। गुटनिरपेक्षता के युग से, अब हम विश्व मित्र के युग में पहुंच गए हैं। जब हम लीडिंग पावर बनने की आकांक्षा रखते हैं। हम बड़ी जिम्मेदारी लेने और अपना योगदान देने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूएन में भारत की संसद से पास हुए महिला आरक्षण बिल का भी जिक्र किया।

चीन और पाकिस्तान पर निशाना

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने भाषण के दौरान परोक्ष रूप से चीन और पाकिस्तान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'बाजार की शक्ति का इस्तेमाल भोजन और ऊर्जा को जरूरतमंदों से अमीरों तक पहुंचाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए, न ही हमें इसका समर्थन करना चाहिए कि राजनीतिक सुविधा आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा प्रतिक्रियाएं निर्धारित करे।

इसी तरह किसे चुने और किसे नहीं के रूप में क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का अभ्यास नहीं किया जा सकता है, जब वास्तविकता बयानबाजी से दूर हो जाती है तो हमें इसे सामने लाने का साहस होना चाहिए।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।